अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 09 | लखनऊ, रविवार, 20 जुलाई 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### आपदा प्रभावित जिलों में अधिकारी राहत कार्य पर नज़र रखें : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

### 'मेक इन इंडिया' में सिर्फ असेम्बलिंग, असली निर्माण विदेश में : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 'मेक इन इंडिया' अभियान को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर मेक इन इंडिया में सहयोग देने वाले छोटे उद्यमियों के लिए नीति और समर्थन न होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा, भारत में बने ज़्यादातर टीवी का 80 फीसदी हिस्सा चीन से आता है? 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हम सिर्फ असेम्बलिंग कर रहे हैं- असली मैन्युफैक्चरिंग नहीं। आईफोन से लेकर टीवी तक-पुर्जे विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं लेकिन उनके पास न नीति है और न ही सरकार की ओर से कोई ठोस समर्थन। राहुल गांधी ने केंद्र से मांग की कि भारत को अगर रोजगार, विकास और वास्तविक 'मेक इन इंडिया' की दिशा में आगे बढ़ना है तो उसे असली मैन्युफैक्चरिंग पावर बनना होगा और चीन को बराबरी की टक्कर देनी होगी।

### स्वर्ण मंदिर को आठवीं बार बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह आठवीं ऐसी धमकी है। ऐसी धमकियों के मद्देनजर पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं। अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने अब तक अपराधियों की पहचान करने में केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की विफलता पर सवाल उठाये हैं।

## अवैध धर्मांतरण के खिलाफ बड़ा एक्शन, 10 गिरफ्तार

- आईएसआईएस के सिग्नेचर स्टाइल में हो रहा अवैध धर्मांतरण का काम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। अवैध धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस का अभियान जारी है। हाल ही में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इसी कड़ी में छांगुर की तरह ही एक और गैंग का आगरा पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। गिरोह में शामिल दस लोग अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किये गए हैं। ये लोग प्रेलोभन देकर कम उम्र की लड़कियों को फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे। इस काम के लिए इन्हें विदेशों से फंडिंग होती है। लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में शनिवार दोपहर को आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के साथ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने प्रेसावर्ता की। डीजीपी ने बताया कि पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए पुलिस ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम गोवा निवासी आयशा, पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी अली हसन, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर निवासी अब्बू तालिब, उत्तराखंड के देहरादून निवासी अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर निवासी मोहम्मद अली, जुनैद कुरैशी, दिल्ली का मुस्तफा और जयपुर का मोहम्मद अली है।

डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ में पता चला है कि ये विभिन्न राज्यों में रहने वाली कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद एवं अन्य तरीके से प्रभावित कर धर्मांतरण का कार्य करते थे। अतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के सिग्नेचर स्टाइल में अवैध धर्मांतरण का काम करने का यह ढंग है।

डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस ग्रुप का संबंध पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और पाकिस्तान आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले है। मामले की कार्रवाई में आगरा पुलिस के साथ एसटीएफ, एटीएस को भी लगाया गया है। जरूरत पड़ने पर राज्यों और केंद्रीय जांच एजेंसी का भी सहयोग लिया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद के उपयोग के लिए इन लोगों को विदेश से प्राप्त धन और धर्म परिवर्तन के साक्ष्य मिले हैं। अभियुक्त अलग-अलग रोल निभाते थे, जिसमें फंड प्राप्त करना, फंड को चैनलाइज करना, सैफ हाउस देना, लीगल एडवाइस देना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरिक करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना आदि चीजें शामिल है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही हैं, जिसमें और बड़े खुलासे होंगे।

### कनाडा और अमेरिका से हो रही थी फंडिंग

आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि मार्च महीने में दो सगी बहनों की गुमशुदी थाना सदर बाजार में दर्ज की गई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली। घटना की तह तक जाने पर पता चला कि कई प्रदेश में बैठे हुए ऐसे लोग जो लव जिहाद में संलिप्त थे, उनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी। साक्ष्य जुटाने के बाद पश्चिम बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर उपरोक्त 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## भारत जल्द बनेगा विशाल रेलवे मैन्युफैक्चरिंग और रेलवे निर्यातक देश: अश्वनी वैष्णव



एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और किशन रेड्डी ने किया तेलंगाना में काजीपेट स्थित रेलवे विनिर्माण इकाई का दौरा

वारंगल। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को काजीपेट स्थित रेलवे विनिर्माण इकाई का दौरा किया।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि काजीपेट में मेगा रेलवे मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को 521 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक और अत्याधुनिक तकनीक से विकसित किया जा रहा है।

## छोटे व पूर्वी राज्यों के विकास के बगैर पूरी नहीं हो सकती विकसित भारत की कल्पना: अमित शाह

एजेंसी



- अमित शाह ने रुद्रपुर में निवेश उत्सव में की घोषणा, 2027 में भारत बनेगा तीसरी आर्थिक शक्ति

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2047 में विकसित भारत की कल्पना तब तक पूरी नहीं हो सकती, जब तक छोटे व पूर्वी राज्यों का विकास नहीं होता। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छोटे और पूर्वी राज्यों के विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। अमित शाह ने घोषणा की कि 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में जनसभा के दौरान यह कहा। उन्होंने कहा कि जब भी मैं उत्तराखंड आता हूं, एक नई ऊर्जा लेकर वापस जाता हूं क्योंकि उत्तराखंड में आते ही चारों धामों में निवासरत सारे देवी-देवताओ और आध्यात्म की अलख जगाने वाले संतों का आशीष प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक ओर पर्वत की चोटियां पूरी दुनिया को आध्यात्म की ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करती हैं, वहीं यहां निवासरत साधु संत भारत की संस्कृति को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। यहां की नदियां आधे भारत को सिंचाई और पीने का पानी दे रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में निवेश और उद्योगों की स्थापना सरल कार्य है लेकिन छोटे से उत्तराखंड की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में एक लाख करोड़ का उद्योगों पर निवेश के साथ ही 81 हजार से अधिक का रोजगार सृजित करवाना बेहद कठिन कार्य हैं और पुष्कर सिंह धामी व उनकी टीम ने अत्यंत कठिन कार्य पूरा किया। इसके लिए धामी और उनकी टीम को साधुवाद।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुई दो दुर्घटनाओं में छह की मौत, 22 घायल

- मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मथुरा। जिले में बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 140 और 131 पर शुक्रवार की देर रात को दो सड़क हादसे हुए। दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज आगरा और मथुरा के जिला अस्पतालों में चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटनाओं में हुई लोगों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल लिया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने शनिवार को दुर्घटनाओं की पुष्टि करते हुए बताया कि एक कार दिल्ली से आगरा जा रही थी, जिसमें आठ लोग सवार थे। बलदेव थाना क्षेत्र के माइल स्टोन-140 यमुना एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने गैस कटर से गेट को काटकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार सवार छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल थे जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों की पहचान आगरा के हरलालपुरा निवासी धर्मवीर, उनके दो बेटे रोहित और आर्यन, मध्य प्रदेश के मुरैना के दो सगे भाई दलवीर उर्फ छुल्ले और पारस तोमर के रूप में हुई है। एक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। घायलों में धर्मवीर पत्नी सोनी और बेटी पायल शामिल हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दूसरा हादसा इसी एरिया के माइलस्टोन 131 के पास हुआ है, जहां तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में बस सवार आकाश, सुनील, श्रीचन्द्र पुत्र रामदयाल, आकाश पुत्र नरेन्द्र, धर्मेन्द्र रूबी, धनपत सहित 20 लोग घायल हैं जिनका का इलाज आगरा और मथुरा में चल रहा है।

## यूपी के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पूर्ण रूप से लागू होगा 'समर्थ' पोर्टल

- पदोन्नति की प्रक्रिया हुई डिजिटल और पारदर्शी
- शोध और अनुदान के लिए भी ऑनलाइन आवेदन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। राज्य सरकार 'समर्थ' पोर्टल को वर्ष 2025-26 तक उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पूरी तरह लागू करने की तैयारी में हैं। यह प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि उच्च शिक्षा को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और पारदर्शी भी बनाएगा। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की 2025-26 की कार्ययोजना के तहत अब संकाय पदोन्नति, नामांकन, वेतन भुगतान, परीक्षा और शोध अनुदान जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं एक ही डिजिटल पोर्टल 'समर्थ' के माध्यम से संचालित की जाएंगी। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, सरकार की इस वर्ष की कार्ययोजना के अनुसार 2025 के अंत तक सभी निजी ईआरपी सिस्टम को बंद कर केवल 'समर्थ' प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। इससे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक बोझ में कमी आएगी और कार्यप्रवाह अधिक प्रभावी व संगठित होगा। अब तक राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों का समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है।

विश्वविद्यालयों ने वेतन प्रसंस्करण, व्यय भुगतान, अवकाश प्रबंधन, नामांकन और परीक्षाओं जैसे कार्यों को समर्थ पर संचालित करना शुरू कर दिया है। छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण भी प्रगति पर है। कॉलेज और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत पदोन्नति के लिए अब ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर लिया गया है। इस नई व्यवस्था से शिक्षकों को आवेदन प्रक्रिया में आसानी होगी और चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक योग्य बन सकेगी। प्रदेश सरकार ने जुलाई 2025 से केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली लागू कर दी है। अब छात्रों का नामांकन एकीकृत पोर्टल के माध्यम से होगा। यह कदम प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और एकरूपता लाने में मदद करेगा। पोर्टल का ट्रायल सफलतापूर्वक जारी है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सेमिनार, शोध परियोजनाएं, पुरस्कार और शैक्षणिक अनुदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इससे शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को अनुदान प्राप्त करने में और भी अधिक सुविधा और पारदर्शिता मिलेगी। प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य न केवल डिजिटल भारत के विज़न को जमीन पर उतारना है, बल्कि उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता के मामले में अग्रणी राज्य बनाना भी है। 'समर्थ' पोर्टल इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अटकलों के बीच योगी का दिल्ली दौरा अहम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। सूत्रों के अनुसार, योगी अपने दौरे के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की संभावना है। इस दौरे ने उत्तर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गईं, जिससे दिल्ली और उत्तर प्रदेश दोनों में संभावित राजनीतिक बदलावों की अटकलों को बल मिला। अब, जब सीएम योगी दिल्ली में हैं, तो राजनीतिक गलियारों में राज्य भाजपा नेतृत्व में संभावित बदलावों को लेकर नए सिरे से चर्चायें हो रही हैं। एक पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, संभावित नेतृत्व परिवर्तन के लिहाज से मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा महत्वपूर्ण है। नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है और यह दौरा उसी निर्णय प्रक्रिया से जुड़ा हो सकता है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का कहना है कि विचाराधीन नामों में केशव प्रसाद मौर्य, रेखा वर्मा, बीएल वर्मा, श्रीकांत शर्मा और डॉ. दिनेश शर्मा शामिल हैं।

## शिकायतों के समाधान में बिजली उपभोक्ताओं से नहीं मांगे जायेंगे दस्तावेज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी सेवा शिकायत पर उपभोक्ताओं से अनावश्यक दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। केवल चेन्ज ऑफ टाइटल (नामांतरण) प्रक्रिया को छोड़ अन्य सभी कार्य विभागीय रिकॉर्ड के आधार पर ही निपटाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन की समीक्षा बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य अभियंता, निदेशक एवं प्रबंध निदेशक समेत वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। सभी ने इस नीति को उपभोक्ता हित में जरूरी और समयानुकूल बताया। अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बैठक में कहा कि उपभोक्ताओं को अक्सर बिजली कार्यालय में शिकायत लेकर जाने पर पुराने काग़ज़ों की मांग की जाती है, जो तत्काल उपलब्ध न होने की स्थिति में उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। यह व्यवस्था अब समाप्त की जाए। विभाग खुद अपने रिकॉर्ड्स से समाधान निकाले। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि निगम की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि उपभोक्ता की समस्याएं कम से कम प्रयास में हल हों।

इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को 1912 उपभोक्ता सेवा नंबर पर आने वाली शिकायतों की नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए ताकि कोई मामला लंबित न रहे। यह निर्णय राज्य सरकार की उस नीति का हिस्सा है जिसके अंतर्गत ''सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, सरलता और जवाबदेही'' को प्राथमिकता दी जा रही है। इस बीच अधिकृत सूत्रों ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये गलत बिल को ठीक करने के लिये चल रहे मेगा कैम्प 21 एवं 22 जुलाई को भी लगेंगे।

## उप्र में मोबाइल कोर्ट के जरिए 677 शिकायतों का निस्तारण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- विभिन्न माध्यमों से प्राप्त कुल 2,699 शिकायतें में से 2,660 का किया जा चुका है निस्तारण

लखनऊ। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में राज्य आयुक्त की अध्यक्षता में प्रदेश के विभिन्न जिलों में मोबाइल कोर्ट आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अब तक कुल 677 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है।

इन मोबाइल कोर्टों का आयोजन मेरठ, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी, श्रावस्ती, गोण्डा, बहराइच और बलरामपुर जैसे जनपदों में किया गया, जहां दिव्यांगजनों की समस्याओं को मौके पर ही सुना गया और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर समाधान कराया गया। इस प्रयास से दिव्यांगजनों को उनके क्षेत्र में ही न्याय मिला और उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि दिव्यांगजनों से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रशासनिक जिम्मेदारी भी स्पष्ट की गई है। प्रदेश में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन की नियुक्ति के साथ ही दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को 'अपर आयुक्त' तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को 'सहायक आयुक्त' नामित किया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर शिकायतों की निगरानी और समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी है। प्रदेश के त्र9 जिलों में मोबाइल कोर्ट आयोजित किया गया है, जिनमें अब तक प्राप्त कुल 677 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है। राज्य आयुक्त कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 503 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि 2025-26 (अब तक) में 91 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 58 शिकायतों पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है, जबकि 33 शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से प्राप्त मई 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल, पीजीआई पोर्टल और मुख्यमंत्री संदर्भ के माध्यम से कुल 2,699 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2,660 का निस्तारण किया जा चुका है। यानी महज 39 शिकायतें ही लंबित हैं और विशेष बात यह है कि कोई भी शिकायत डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं है। यह दर्शाता है कि योगी सरकार दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर और संवेदनशील है। चाहे वो पेंशन की समस्या हो, प्रमाण पत्र से जुड़ी अड़चनें हों या अन्य सामाजिक-सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें, सरकार का तंत्र त्वरित गति से इनका समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री संदर्भ के अंतर्गत कुल 212 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 206 का समाधान किया जा चुका है।

# 'भविष्य अब थमेगा नहीं', ड्राप आउट बच्चों को फिर शिक्षा से जोड़ेगी योगी सरकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। कभी मुफलिसी, कभी बेबसी, कभी परिस्थितियों की कठोर दीवारों ने उन मासूम कदमों को रोक दिया था जो स्कूल की ओर बढ़ रहे थे। कंधे पर बस्ता लटकाने का सपना अधूरा रह गया था। अब वही रुके हुए कदम दोबारा चलने को तैयार हैं; क्योंकि आउट ऑफ़ स्कूल बच्चों के कदम जहाँ थम गए थे, वहीं से उनके भविष्य की नई उड़ान शुरू होगी।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब उन लाखों बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने जा रही है, जो किसी न किसी कारणवश विद्यालयी शिक्षा से वंचित रह गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 01 अगस्त से 'विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम' प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन बच्चों के लिए है जो नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे थे या शिक्षा व्यवस्था से पूरी तरह बाहर हो गए थे। 6 से 14 आयु वर्ग के इन बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा से दोबारा जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'शिक्षा की मुख्यधारा में पुनः प्रवेश' की रणनीति बनाई गई है। इसमें बच्चों को उनकी उम्र के अनुरूप आयु संगत कक्षा में नामांकित कर शिक्षा दी जाएगी। शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें नियमित स्कूल शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। बता दें कि पहचान किये गये आउट ऑफ़ स्कूल स्कूल बच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों की ओर से नौ माह का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष मॉड्यूल पर प्रशिक्षित किया जायेगा। समावेशी शिक्षा, मनोवैज्ञानिक सहयोग और उम्र के अनुकूल पाठ्यवस्तु को केंद्र में रखते हुए टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) भी तैयार किया गया है। इधर, एडी बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जनपद स्तर से लेकर विकासखंड स्तर तक शिक्षा अधिकारियों को नोडल के रूप में दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। योजना के अंतर्गत, ऐसे विद्यालय जहां 5 या उससे अधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चे हैं, वहां विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों का चयन किया जायेगा। जिनमें सेवानिवृत्त अध्यापक या स्वैच्छिक सेवा देने वाले योग्य वॉलिंटियर्स को वरियता दी जाएगी। ये प्रशिक्षक बच्चों को आवश्यक विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे वे कक्षा के अनुरूप मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें। प्रदेश सरकार के मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि सरकार, उन बच्चों को फिर से पढ़ने का अवसर दे रही है, जिनकी शिक्षा किसी कारणवश रुक गई थी। अब वे उत्साह के साथ फिर से स्कूल से जोड़े जाएंगे। यह प्रयास केवल उन्हें स्कूल ले आने भर का उपक्रम नहीं है, यह उनके सपनों को नई उड़ान देने वाला भी है। अपनी पढ़ाई पूरी कर वे आत्मनिर्भरता की ओर आसानी से बढ़ेंगे।

## सीएम योगी से मिले उत्तराखण्ड के राज्यपाल



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर उत्तरा खण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार के मामले में गांधी–वाड्रा परिवार का समर्थन वाक़ई 'बेमिसाल' : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नेशनल हेराल्ड घोटाला केस में राहुल गांधी का समर्थन करने पर राबर्ट वाड्रा को आड़े हाथों लिया है। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि नेशनल हेराल्ड घोटाला केस में राहुल गांधी के समर्थन में राबर्ट वाड्रा और वाड्रा के जमीन घोटालों के समर्थन में गांधी रहते हैं। घोटालों से गांधी परिवार में बने ऐसे हालात कि दोनों ने खुल्लम–खुल्ला एक–दूसरे के कंधों पर अपना काला हाथ रखा। भ्रष्टाचार के मामले में गांधी–वाड्रा परिवार की यह मिसाल वाक़ई 'बेमिसाल' है। केशव प्रसाद मौर्य इन दिनों लगातार गांधी परिवार पर हमलावर हैं। एक दिन पहले भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद ने लिखा था कि कथित भ्रष्टाचार समेत अन्य मामलों में ज़मानत पर विचरण करने वाले गांधी परिवार के अड़ियल नेता राहुल गांधी को जेल की बहुत याद आती है। गांधी को समझना चाहिए कि उनके परिवार की अहंकारी राजनीति के दिन अब लद चुके हैं और देश में अब कानून का राज है।

### लखनऊ में स्कूल वैन चालक ने बच्ची से किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** इंदिरानगर थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची से स्कूल वैन चालक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। स्कूल प्रबंधक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) शशांक सिंह ने शनिवार को बताया कि 17 जुलाई को पीड़ित परिवार ने इंदिरानगर थाना में तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि उनकी चार साल की बेटी सेक्टर—10 स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। उसे लाने—ले जाने के लिए स्कूल वैन लगी है। महिला ने बताया कि बीते दिनों वैन चालक लवकुश नगर निवासी मोहम्मद आरिफ ने उनकी बेटी के साथ गंदी हरकत की है। घर आने पर बेटी ने उसकी करतूतों के बारे में बताया था। जब वह इसकी शिकायत लेकर स्कूल प्रबंधक संदीप कुमार के पास पहुंची तो उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। इधर चालक ने परिवार को धमकाया। इसके बाद पीड़ति परिजनों ने आरोपित चालक के खिलाफ 17 जुलाई को थाना में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर 18 जुलाई की रात आरोपित मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पीड़ित परिवार की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ?जेल भेज दिया गया है। वहीं, लापरवाही बरतने पर स्कूल प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विद्युत सब्सिडी दिये बिना बुनकरों का हित संभव नहीं: शैलेश प्रताप सिंह

**लखनऊ।** भारत में बुनकरी एक प्राचीन और गौरवशाली परम्परा रही है। आज भी लाखों परिवार इस व्यवसाय से जुड़े हैं लेकिन बाजार,तकनीक और पूंजी की समस्याओं के चलते बुनकर आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। हथकरघा की स्थिति में सुधार और विद्युत सब्सिडी दिये बिना बुनकरों का हित संभव नहीं है। यह जानकारी सहकार भारती बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख शैलेश प्रताप सिंह ने दी। शैलेश प्रताप सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने बुनकरों को बिजली पर छूट दी थी। तब से 130 रूपये प्रति हार्स पावर की दर से 75 किलोवाट तक बुनकरों को छूट मिलती थी। 01 अप्रैल 2023 से इस योजना में भार की सीमा को कम कर के मात्र पांच किलोवाट कर देने से इस पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अब योगी सरकार में 130 रूपये के स्थान पर 800 रूपया प्रति हार्स पावर कर दिया गया है वह भी मात्र पांच किलोवाट तक। इसके अलावा बुनकरों को फ्लैट रेट योजना के तहत सभी प्रकार की पावर लूम मशीनें मय शटल लेस एवं जरी 125 किलोवाट तक भार शामिल था। वर्तमान समय में इस योजना के अन्तर्गत मात्र 05 किलोवाट भार क्षमता के साथ मात्र पावरलूम मशीनों को दिया जा रहा है, जो कि रैपियर लूम जरी उद्योग के साथ न्यायसंगत नहीं है। बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि पहले से चली आ रही विद्युत सब्सिडी योजना में भारी कटौती करने से बुनकरी व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

## मंगल पांडे की वीरता युगों–युगों तक देशवासियों को प्रेरणा देती रहेगी : केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सात कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम (1857) के अग्रदूत, माँ भारती की स्वतंत्रता हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानी शहीद मंगल पांडे की जयंती पर शनिवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देशभक्ति, साहस और बलिदान की अद्वितीय मिसाल शहीद मंगल पांडे का जीवन स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का अक्षय स्रोत रहा। उनकी वीरता युगों-युगों तक देशवासियों को प्रेरणा देती रहेगी।

## यूपी में हर ग्राम पंचायत में लगेगी 'ग्रीन चौपाल'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश के हरित आवरण को 15 प्रतिशत तक ले जाने के लक्ष्य के तहत राज्य की हर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में महीने के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल की बैठक होगी।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सेक्शन/बीट अधिकारी सदस्य सचिव तथा ग्राम पंचायत अधिकारी ग्रीन चौपाल के संयोजक होंगे। इसके अलावा तीन ग्राम पंचायत सदस्य (न्यूनतम एक महिला), स्वयं सहायता समूह की एक महिला प्रतिनिधि, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका, रोजगार सेवक, प्रगतिशील कृषक, पर्यावरणविद्/स्थानीय एनजीओ के प्रतिनिधि व जैव विविधता प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि ग्राम चौपाल के सदस्य होंगे। उन्होने बताया कि राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन अनिवार्य रूप से ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। विभिन्न विभागों की पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के प्रति स्थानीय स्तर पर विशेष प्रचार-प्रसार ( नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी) आदि का आयोजन भी होगा। गांवों के विद्यालयों में शिक्षकों/विद्यार्थियों को जैव-विविधता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। ग्रीन चौपाल के कार्यों की निगरानी जिला वृक्षारोपण समिति करेगी। पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लान की विवेचना एवं क्रियान्वयन में ग्रीन चौपाल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में हरीतिमा विकास के लिए उपलब्ध रिक्त भूमि पर पौधरोपण व रखरखाव सुनिश्चित करेगा। ग्राम चौपाल शासन एवं जिला वृक्षारोपण समिति की मंशा के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेगा। मिशन लाइफ, वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैवविविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, कार्बन क्रेडिट, वैकल्पिक ऊर्जा आदि के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए प्रचार-प्रसार के साथ ही ग्राम हरित निधि की स्थापना व संचालन पर भी फोकस रहेगा।

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के निर्देशन में ग्रीन चौपाल के कार्यों के विवरण का संकलन प्रत्येक महीने जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किया जाएगा। ग्रीन चौपाल के सुचारू संचालन के लिए समन्वय का कार्य प्रभागीय वनाधिकारी करेंगे। जिला वृक्षारोपण/पर्यावरण समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रीन चौपालों को नियमित रूप से चिह्नित किया जाएगा, फिर उन्होंने सम्मानित भी किया जाएगा। जनपद स्तर पर सराहनीय कार्य करने वाली ग्रीन चौपालों की सूची पर्यावरण, वन-जलवायु परिवर्तन विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे समस्त प्रगतिशील ग्रीन चौपालों को राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा।

## प्लाईवुड गोदाम में शार्ट सर्किट से लगी आग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी के अलीगंज के बंधा रोड पर शनिवार सुबह एक प्लाईवुड गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। करीब आठ बजे दीपक कुमार के गोदाम से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। मौके पर पहुंचे गोदाम स्वामी ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघ्न अपनी टीम के साथ दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कर दिया। आग की भीषणता को देखते हुए अन्य फायर स्टेशनों से तीन और दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। कुल पांच गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। एफएसओ ने बताया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए थे, लेकिन फायर टीम की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

## मैं राहुल गांधी को नाकों चने चबवाने वाला हूं : मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए रायबरेली की जनता के नाम सोशल मीडिया पर पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि वह चार-चार प्रधानमंत्री देने वाले परिवार से आते हैं और मैं नमक-रोटी खाकर पला हूं। मैंने खुद राजनीति सीखी और की, किंतु अगर वह सांसद हैं तो मैं वह प्रतिद्वंदी हूं जो उन्हें नाकों चने चबवाने वाला हूं।

मंत्री ने लिखा कि बहुत लोग मेरी आलोचना करते हुए लिख देते हैं कि ''दिनेश सिंह की कोई औकात नहीं।'' लेकिन सोचिए, कितने लोग होंगे जिन्हें प्रभु ने ऐसा सौभाग्य दिया हो? मैं रायबरेली के लिए नालायक ही सही। किंतु हमारे जैसा एक बार सोचकर देखो, कितना कठिन सफर तय किया है हमने। कोई हमसे बड़ा होगा, तो हमारे जितना छोटा नहीं होगा। कोई छोटा होगा, तो हमारे जितना बड़ा भी नहीं। मैं पहले ब्लाक प्रमुख बना। चार बार एमएलए, चार बार एमएलसी, तीन बार जिला पंचायत अध्यक्ष, दो बार लोकसभा। वह भी देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय विपक्ष और सबसे बड़े राजनीतिक परिवार से। चार-चार प्रधानमंत्री वाले परिवार के सदस्यों को हमसे लड़ने के लिए चार पार्टियों के झंडे लगाने पड़े। (समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी, अपना दल (कृष्णा पटेल) और कांग्रेस। अब लोग कहते हैं मैं मास लीडर नहीं हूं, मैं कभी जनता का चुनाव नहीं जीता। मैं अपनी प्यारी रायबरेली के प्रिय आलोचकों से कहूंगा कि रायबरेली का इतिहास पढ़िए, ऐसा कोई नाम ढूंढिए जो रायबरेली लोकसभा की पांचों विधानसभा में लगभग समान रूप से जनमत प्राप्त कर पाया हो। मुझे गर्व है अपने शुभचिंतकों और पार्टी परिवार पर जिनकी बदौलत 2019 हो या 2024 दोनों लोकसभा चुनावों का औसत निकालें तो मुझे औसतन लगभग 75,000 मत प्रति विधानसभा मिले। यह पंच से शुरू होकर पंचवटी तक की यात्रा है, जिसे मैंने रायबरेली के देवतुल्य भाइयों-बहनों के आशीर्वाद और स्नेह से की। जब मैं रायबरेली के सांसद का विरोध करता हूं तो रायबरेली के हमारे प्रिय आलोचक मुझे गालियां देने लगते हैं। मैं आपकी गालियां सुनते-सुनते थक गया हूं, इसलिए सोचा आपको बता दूं कि यही मेरा धर्म है। रायबरेली की जनता का मेरे लिए यही आदेश है कि मैं राहुल गांधी को सोने न दूं, उनकी नींद हराम किए रहूं। जो साल में पांच बार रायबरेली आते हैं। वह तुम्हारे वोट की बदौलत नहीं। वोट लेकर तो सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी चली जाती थीं और पांच साल तक वापस नहीं आती थीं। किन्तु आपका नालायक दिनेश सिंह, सक्रियता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने का परिणाम है कि राहुल गांधी को साल में पांच बार रायबरेली आना पड़ता है। यही लोकतंत्र है और लोकतंत्र का धर्म अन्यथा राहुल गांधी से कहो मोदी का गुणगान करें। मैं भी राहुल गांधी का गुणगान उसी दिन से शुरू कर दूंगा। जब आप रायबरेली के बेटे से कहते हो दिनेश सिंह, राहुल गांधी की तुलना में बहुत छोटे हैं तो आप रायबरेली और अपने आपको बहुत छोटा कर देते हो। किन्तु मैंने पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं कि मैं अपनी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का एक छोटा-सा कार्यकर्ता हूं और राहुल गांधी अपनी पार्टी के मालिक या राष्ट्रीय नेता हैं। यह बात सही है कि मैं राहुल गांधी कभी नहीं हो सकता, किंतु राहुल गांधी भी इस जन्म में दिनेश सिंह नहीं हो सकते हैं। उन्होंने अपना सफर जहाज़ से शुरू किया, हमने टूटी साइकिल से। फिर भी मुझे गर्व है अपनी रायबरेली की पावन माटी से मिले संस्कार, योग्यता और क्षमता पर। राहुल गांधी भगवान से मनाते होंगे कि दिनेश सिंह से सामना न हो और जब सामना हुआ है तो लड़खड़ाते ही देखे गए हैं, ठीक से समझोगे तो बात समझ में जरूर आएगी।

## बैरिकेडिंग तोड़कर नाले में गिरा स्कूटी सवार, लोगों ने सीढ़ी लगाकर निकाला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में स्कूटी सवार व्यक्ति नाले में गिर गया। स्थानीय लोगों ने सीढ़ी लगाकर उसे बाहर निकाला। गनीमत रही कि उसे मामूली चोट ही आई। लोगों ने उसकी स्कूटी भी बाहर निकाली। घटना शुक्रवार रात चौक में काली माता मंदिर के पास हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौक में काली माता मंदिर के पास आठ फीट गहरा नाला है। नगर निगम की ओर से नाले की सफाई की जा रही है। इसकी वजह से नाला खुला है। नाला खुला होने के कारण बुजुर्ग उसमें गिर गए। लोगों ने कहा कि खुले नाले में हादसे हो रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। चौक के रहने वाले राजन खन्ना शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे बैरिकेडिंग को टक्कर मार कर नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार में स्कूटी चला रहे थे। इससे नियंत्रण नहीं बना पाए और नाले में गिर गए। लोगों ने बताया कि नाले में सिल्ट जमी हुई है। पानी का बहाव कम था। इसके कारण राजन सुरक्षित नाले से बाहर निकल पाए। अगर पानी का बहाव तेज होता तो बह जाते।

## नगर निगम मुख्यालय पर किसानों का प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम मुख्यालय का किसानों ने घेराव किया है। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले 300 से अधिक महिला-पुरुष नगर निगम मुख्यालय पहुंचे हैं। नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पुलिस बल तैनात है। किसानों का कहना है कि जब मांगें नहीं हो जाएंगी, यहीं पर डटे रहेंगे। किसानों का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण राधा ग्राम में सुरेश कुमार लोधी निवासी लोध पुरवा, ठाकुरगंज की मौत हो गई थी। परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य की नौकरी दी जाए। घटना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, क्योंकि अभी तक कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। दरअसल, ठाकुरगंज इलाके के राधा ग्राम में नाले का स्लैब टूटा होने के कारण 11 जुलाई को 40 साल के सुरेश लोधी बह गए थे। 28 घंटे बाद उनका एक किलोमीटर दूर शव मिला था। मामले में जेई को निलंबित किया गया था। एई को नोटिस जारी हुआ था। सफाई करने वाले ठेकेदार और स्थानीय पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। मोहम्मद हलीम भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़े हैं। उनका कहना है कि बारिश में सीवर की बड़ी समस्या है। नालों की सही ढंग से सफाई नहीं हो रही है। जहां किसानों की जमीनों का अधिग्रहण हुआ है, वहां ढंग से सफाई तक नहीं की जाती है। सफाई कर्मी आते हैं और बिना सफाई किए वापस लौट जाते हैं। कैफ सिद्दीकी का कहना है कि नगर निगम से जुड़ीं तमाम समस्याएं हैं। शिकायत के बाद स्थानीय पार्षद फोन उठाना ही बंद कर देते हैं। नगर निगम के अधिकारी सुनते नहीं हैं फिर ऐसे में क्या किया जाए। कल रावत ने कहा कि शहर में स्थिति खराब है। नाले में आदमी बह जा रहे हैं। किसान अपने साथ जनरेटर लाउडस्पीकर और साउंड लेकर पहुंचे हैं। इस दौरान जय जवान जय किसान नगर निगम प्रशासन होश में आओ नारे भी लगा रहे हैं। मौके पर किस ज्ञापन लेकर पहुंचे हैं। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत भी हुई। किसानों ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले गांव का विकास नहीं किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था बदहाल है। जिन किसानों की भूमि किसी भी योजना में अधिकृत की गई हो उन सभी पीड़ित किसानों का हाउस टैक्स एवं वाटर टैक्स आरक्षण के आधार पर माफ किया जाए। ग्राम पहाड़पुर और छोटा पहाड़पुर के किसानों के कई कब्रिस्तान की भूमि पर नगर निगम द्वारा शव दहन करने से रोका जा रहा है। जब तक वैकल्पिक व्यवस्था न होने तक, इसकी अनुमति दी जाए। जिन 84 गांवों को नगर निगम में शामिल किया गया है, उन गांवों में सफाई, नाली, सीवर और गांव का सुंदरीकरण कराया जाए। नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कई गांव में अभी तक वाटर लाइन भी नहीं डाली गई है। बावजूद इसके 25 से 30 हजार रुपए वाटर टैक्स किसानों को भेजा जा रहा है। यह गलत है किसानों का पुराना टैक्स माफ किया जाए और जो अभी जल्द में ही टैक्स भेजा गया है उसे आधा करके जमा करवाया जाए।

## बाजरा किसानों को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बाजरा श्रीअन्न की प्रमुख फसल है। उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा के दानों में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टी आक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाये जाते हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार के लिए उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाये जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। योगी सरकार इन्हीं गुणों को देखते हुए बाजरा (श्रीअन्न) किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी.) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। योगी सरकार राजकीय कृषि बीज भण्डारों के माध्यम से बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध करा रही है, जिससे किसानों की लागत कम हो जाती है, दूसरी तरफ सरकार द्वारा बाजरे की फसल वर्ष 2022-23 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा का क्रय किया जा रहा है। इससे निःसंदेह ही किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त होने से अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने की संभावना बढ़ सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि खरीफ के मौसम में भूमि की उपयुक्तता के अनुसार बाजरे की खेती कर सरकारी योजनाओं के माध्यम से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# हरदोई का नाम प्रहलाद नगरी के प्रस्ताव पर हरदोई वासियो में खुशी का माहौल

**■ श्रीकृष्ण जन्म भूमि दल ने प्रस्ताव पेश करने के लिए पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा का किया सम्मान**

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बेलताली पार्क का पुनर्विकास एवं हरदोई का नाम बदल कर भक्त प्रहलाद नगरी किए जाने का प्रस्ताव पारित किए जाने पर हरदोई जिले के नागरिको में बहुत खुशी का माहौल है हरदोई जिले के प्रमुख धार्मिक संघठन श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल के सदस्यों व पदाधिकारियों ने जिला पंचायत कार्यालय पहुँच कर जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा को प्रशस्ति पत्र, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



प्रेमावती वर्मा को स्मृति चिन्ह देते हुए संघटन की प्रदेश महामंत्री अनुराधा मिश्रा ने बताया की किसी शहर का नाम उसकी पौराणिक पहचान होती है और अब हरदोई को उसकी पौराणिक पहचान मिलने का रास्ता साफ़ होता नजर आ रहा है। श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल के जिला प्रमुख अविनाश मिश्रा ने जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा की पौराणिक नाम मिलने से हरदोई जनपद का औद्योगिक विकास भी तेजी से होगा जिला उपप्रमुख अभिषेक गुप्ता ने बेलताली के साथ भक्त प्रहलाद से जुड़े अन्य सरंक्षक स्थलों के विकास का भी सुझाव दिया। श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल की महिला प्रभारी व पतंजलि महिला प्रकोष्ठ प्रमुख विनीता पांडेय ने जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा को पुष्प गुच्छ देते हुए हरदोई के विकास में इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल के जिला महासचिव व रेलवे सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य गौरव अग्रवाल ने बताया की जब रेलवे अधिकारियों से हरदोई में नई ट्रेनों का स्टापेज मांगा जाता है तो उन्हें उलाहना दी जाती है कि आपके हरदोई में ऐसा क्या खास है किंतु इस प्रस्ताव के बाद वे रेलवे अधिकारियों से अधिकार के साथ नई ट्रेनों की माँग कर सकेंगे। जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा को सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, व्यापारी, छात्र-छात्राए मौजूद रहे। श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल के वेद प्रकाश गुप्ता राजू, दिग्विजय सिंह, अनिल कुमार सिंह, सतेंद्र सिंह, शुभम गुप्ता, अनिता मिश्रा, संजू श्रीवास्तव, ज्योति बघेल ने भी जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती वर्मा को सम्मानित किया।

# कार्यालय उप निबन्धक, सवायजपुर भवन निर्माण का हुआ शिलान्यास

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** जनपद हरदोई की सवायजपुर तहसील में कार्यालय उप निबन्धक, सवायजपुर भवन निर्माण का शिलान्यास योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कुशल निर्देशन में रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों द्वारा आज वर्चुअली सम्पन्न किया गया। उप निबन्धक कार्यालय सवायजपुर के भवन के निर्माण कार्य की लागत धनराशि रू0 228.95 लाख स्वीकृत है। निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 लखनऊ नामित है। इस अवसर पर सवायजपुर के विधायक की धर्मपत्नी शैलजा सिंह एवं मण्डल प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा तहसील सवायजपुर की जनता भी उपस्थित रही। उप महानिरीक्षक निबन्धन, सीतापुर वृत्त, सीतापुर निरन्जन कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, हरदोई प्रवीण कुमार यादव, उप निबन्धक सदर अखिलेश प्रताप सिंह, उप निबन्धक बिलग्राम मनोज कुमार मिश्र, उप निबन्धक शाहाबाद प्रवीण कुमार एवं उप निबन्धक सवायजपुर कु0 नेहा भी उपस्थित रही।



# निपुण भारत मिशन संगोष्ठी, सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पू0मा0) शिक्षक संघ द्वारा आइंस्टीन चिल्ड्रेन एकेडमी शाहाबाद हरदोई मे निपुण भारत मिशन संगोष्ठी, सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान एवं ब्लाक अधिवेशन 2025 का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारम्भ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ शारदे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को रामचरित मानस की प्रति व् अंगवस्त्र भेंट कर, राष्ट्रनिर्माण मे शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षक सम्मान समारोह उपरांत आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं अपितु समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाले होते हैं। समाज का पथ प्रदर्शक शिक्षक अपने जीवन में कभी सेवा निवृत्त नहीं होता है, क्योंकि शिक्षक अपने जीवन पर्यंत समाज मे शिक्षा का प्रकाश फैलाता रहता है। मुझे गर्व है कि अपने जीवन मे मुझे भी एक शिक्षक के रूप मे समाज की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष जू0 हाई स्कूल शिक्षक संघ योगेश त्यागी, शिक्षक संघ संरक्षक प्रेम सागर द्विवेदी, जिलाध्यक्ष सुनीता त्यागी, उपाध्यक्ष धीरज अस्थाना, कोषाध्यक्ष उदय शंकर मिश्र व् ब्लाक अध्यक्ष धीरज मिश्रा सहित सेवानिवृत्त शिक्षक, ब्लाक इकाई जूनियर शिक्षक संघ शाहाबाद पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व् क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने किया राजघाट व बाबा मंशानाथ मंदिर का भ्रमण



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** कावड़ यात्रा व श्रावण मेले का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ राजघाट व बाबा मनसा नाथ मंदिर बिलग्राम का भ्रमण किया। राजघाट में उन्होंने मेले की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैरीकैटिंग को थोड़ा पीछे खिसकाया जाए ताकि काँवड़ यात्रियों को जल भरने में आसानी हो। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में साफ सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेले में सुरक्षा की व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें लगातार गस्त पर रहे। राजघाट के निरीक्षण के बाद वह बाबा मंशानाथ मंदिर बिलग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया मंदिर परिसर में वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य को देखा तथा कार्य में आवश्यक सुधारो के संबंध में संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी संस्था को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वंदन योजना में कराए गए कार्यों के निरीक्षण के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया जाए जो कराये जा रहे कार्यों की कर्मियों को चिन्हित करे तथा तदनुसार आवश्यक सुधार किए जाएं। सुधार न करने की दशा में संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था की जवाबदेही तय की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भास्कर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद मंगल पांडे की जयंती बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई ने शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम नायक शहीद मंगल पांडे की जयंती बड़े ही उत्साह और धूमधाम से कांग्रेस कार्यालय परिसर में शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित के नेतृत्व में मनाई।

शहीद मंगल पांडे ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का प्रतीक बन भारतीय सैनिकों व जनता को एक जुट होने और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहर काँग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने मंगल पांडे जी के जीवन पर अपने विचार रखते हुये कहा कि शहीद मंगल पांडे बलिया के रहने वाले थे और ब्रिटिश सेना की। बैरकपुर छावनी में बंगाल नेटिव इन्फैण्ट्री की 34वीं रेजीमेण्ट में सिपाही थे। अंग्रेजी सरकार द्वारा कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी का प्रयोग किया जाने लगा जिसका प्रथम बार विरोध मंगल पांडे ने किया और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह कर दिया जिस कारण से मंगल पांडे को फांसी की सजा दी गई। उनकी शहादत से प्रेरित होकर तमाम हिंदुस्तानियों ने अंग्रेजी सेना और शासन के खिलाफमोर्चा खोल दियाए इसलिए उन्हें स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम नायक भी माना जाता है। जिला उपाध्यक्ष अजित नंदबसी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन का नायक बताया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र विक्रम सिंह, मोहन सिंह, अजीत सिंह चंदेल, गोपाल पांडे, शहर कंट्रोल रूम इंचार्ज ममता पाल, शहर उपाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा, विनोद यादव शहर महिला अध्यक्ष उमा राजवंशी, शहर उपाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता टीटू, शिल्पी वर्मा, वृंदावन श्रीवास्तव, मेहताब अहमद, रामबहोरन मिश्रा एड, श्रद्धा अग्निहोत्री, मोरध्वज वर्मा, इस्लाम गाजी, भूपेंद्र सिंह सोमवंशी, अनूप सिंह, शैलेंद्र सिंह वर्मा, राजेंद्र वर्मा आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैंक राष्ट्रीयकरण की 56वीं वर्षगाँठ पर बैंक यूनियन द्वारा विचार गोष्ठी आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** बैंक राष्ट्रीयकरण की 56वीं वर्षगाँठ पर बैंक यूनियन द्वारा आयोजित एक विचार गोष्ठी में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको को और मजबूत करने के अभियान को चलाने का संकल्प लिया गया।

शहर की सिनेमा रोड़ पर स्थित पँजाब नेशनल बैंक की बंशी नगर शाखा पर शाम को बैंक कार्य समय समाप्ति के बाद आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न बैंको के कर्मचारी शामिल हुए। वरिष्ठ कर्मचारी नेता यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने कहा कि 1969 में बैंक राष्ट्रीयकरण का फ़ैसला यद्धपि राजनीतिक था पर यह देश की अर्थनीति का आधार बन गया। इन 56 वर्षों में देश की आर्थिक सुरक्षाए आम लोगों की पूँजी की सुरक्षा और गरीबों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सम्भव हुई। उन्होंने कहा कि आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन सार्वजनिक बैंकों की रक्षा करेंए उन्हें मजबूत करें और निजीकरण जैसी नीतियों से दूर रखें। सार्वजनिक बैंको के प्रदर्शन पर बोलते हुए बैंक यूनियन नेता राकेश पाण्डेय ने कहा कि करीब 90 हजार बैंक शाखाएं है जिनमे 35 हजार ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। करीब 140 लाख करोड़ जमाराशियां और 110 लाख करोड़ ऋण राशियां हैं। कुल ऋण का 40 फीसदी प्राथमिकता क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बैंकें अच्छा खासा मुनाफा कमा रही हैं मगर उनके मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा हेयर कट के नाम पर कारपोरेट सेक्टर के डूबे कर्जो के समायोजन में चला जाता है। उन्होंने बढ़ते एनपीए के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जानबूझ कर बैंक कर्ज अदा न करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाये। सभा में प्रमुख रूप से अजय मेहरोत्रा, कौशलेंद्र शुक्ला, आनंद वर्मा, प्रिया रस्तोगी, वीरबहादुर सिंह, गौरव सिंह, विपिन गुप्ता, अमित पाण्डेय, राघवेंद्र श्रीवास्तव, कैलाश बाजपेई, संदीप मौजूद रहे।

# मनरेगा का 104 करोड़ बकाया, सामग्री अंश के भुगतान के लिए बजट जारी

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लंबित भुगतान जल्द ही जारी होंगे। जनपद में मनरेगा का कुल बकाया 104.45 करोड़ रुपए है। इसमें 92.52 करोड़ रुपए सामग्री अंश के रूप में देय हैं। श्रमिकों की 66 लाख रुपए की मजदूरी बकाया है। अर्धकुशल श्रमिकों के 1.52 करोड़ रुपए भी लंबित हैं। उपायुक्त श्रम एवं रोजगार रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि स्टेट पूल खाते में धनराशि आ गई है। सभी लंबित भुगतान जल्द कर दिए जाएंगे। इससे पंचायतों, आपूर्तिकर्ताओं और श्रमिकों को राहत मिलेगी। भुगतान नहीं होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य रुके हुए थे। ग्रामीणों को रोजगार और मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा था। भुगतान होने से योजनाओं में तेजी आएगी। निर्माण कार्य फिर से शुरू होंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि समय पर भुगतान होने से योजना का उद्देश्य पूरा होगा। इससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

## बाबा बनकर महिलाओं को ठगने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना माधौगंज पुलिस ने बाबा बनकर महिलाओं को ठगने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 5 लाख 7 हजार 224 रुपए नकद, चोरी के आभूषण और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपी रायबरेली के कुंदनगंज के रहने वाले इम्तियाज और असगर हैं। पुलिस ने 19 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर इन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने माना कि वे एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। आरोपियों ने 24 जून को माधौगंज के पूर्वी पटेलनगर और 23 जून को केवटी ख्वाजगीपुर में महिलाओं से आभूषण और नकदी ठगी थी। दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज है। असगर का आपराधिक रिकॉर्ड बस्ती और रायबरेली में भी है। माधौगंज थानाध्यक्ष विजय कुमार और उपनिरीक्षक बलराम सिंह समेत दस सदस्यीय टीम ने गिरफ्तारी की। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## ड्राइवर चालक की पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान

**बेनीगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के कोथावां कस्बे में शुक्रवार देर रात 38 वर्षीय महिला ने देर रात पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए हरदोई भेजा है। बताते चले कोतवाली क्षेत्र के कोथावा कस्बा निवासी राघवेंद्र (40) उर्फ़शुभम गुप्ता राजू किराना स्टोर का पिकअप चलाता है। रोज की तरह वह शुक्रवार को दिन में घर से पिकअप चलाने के लिए गया था।



मृतका पुष्पा की फाइल फोटो

मृतका पुष्पा देवी (38)की सास मुन्नी देवी के मुताबिक वह एक सप्ताह पूर्व सीतापुर किसी काम से गयी हुई थी। देवरानी दीपाली ने बताया कि जेठ शुभम गुप्ता काम से देर रात घर लौटे थे। जेठानी पुष्पा ने खाना लाने के बात कह छत से नीचे चली गयी इस दौरान वह ज्यादा देर तक खाना लेकर नहीं लौटी तो जेठ ने देखा कि जेठानी पुष्पा देवी पंखे के सहारे हरी साडी के फंदे से लटकते हुए देखा। पत्नी को लटकते देख इसकी सुचना परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लायी। जहा पर चिकत्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पर पहुंचे कोथावा चौकी प्रभारी रामानंद मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज दिया है। मृतका पुष्पा की सास मुन्नी देवी के मुताबिक पुष्पा का इलाज एरा अस्पताल मे करीब दो साल से चल रहा था। माइंड का इलाज चलने के कारण ऐसे कई ठोस कदम दो तीन बार पहले और उठा चुकी है। मृतका की सास मुन्नी देवी ने बताया कि बहु के दो चार बार बहु के द्वारा ऐसे कृत्य किये जाने पर बहु के साथ मे जाती रहती थी। हम सीतापुर चले गए। और बहु ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका की सास मुन्नी देवी ने रोते हुए कहा कि बड़ी बहु पुष्पा अब तीन बच्चे अनुष्का उर्फ़ राधिका (15), आदर्श (10), सार्थक (04) का लालन पालन कौन अब करेगा। मृतका के मायके पक्ष से मृतका के पिता के मुताबिक शुभम गुप्ता दूसरी शादी करने का दवाब बना रहे थे। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया है।

## नहर मे उतरता हुआ मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**बेनीगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के कोथावा कस्बा स्थिति निकली शारदा नहर शाखा संडीला मे कोथावा और मंगलापुर के बीच मे रामभजन जानकीनगर के लिपटीस खेत के सामने एक युवक का शव बरामद किया गया। नहर में शव देख लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चारी हरदोई भिजवा दिया। बेनीगंज कोतवाल संजय सिंह यादव के मुताबिक मृतक के पास से कोई शिनाख्ती कागजात नहीं मिले हैं, जिससे कि उसकी पहचान हो सके। जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर पुलिस को नहर के पानी में 4 से पांच दिन पुराने शव के उतराने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक का शव नहर से बहता हुआए रामभजन जानकीनगर के लिपटीस खेत के सामने फंसा हुआ है। मृतक ने बनियान टी.शर्ट और लोअर और पेंट पहना हुआ था। उसकी उम्र करीब 35 से 40 वर्ष थी। शुरुआती जांच में शव पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। संजय सिंह यादव का कहना है कि ग्रामीणो के मुताबिक युवक का शव अहिरोरी की तरफसे आते हुए बताया है। युवक की पहचान के लिए पुलिस आस-पास के थानों से भी संपर्क कर रही है। वहीं, आस-पास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि नहर में छलांग लगाने से उसकी डूबने से मौत हुई हो गई थी। पुलिस इस मामले में कई अन्य पहलुओं से भी जांच कर रही है।

## दबंगो द्वारा बाउंड्री गिराने की शिकायत मुख्यमंत्री से की

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आवासीय पट्टे की भूमि पर भरी नींव व बाउंड्री को दबंगो ने जेसीबी से गिरा दिया। गरीबो ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दौलतयारपुर निवासी विमल, इसरार, रियाज, सुशील, चाँदबाबू, उमर व अमित ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उन्हें वर्ष 2021 में गाटा संख्या 969 में आवासीय पट्टा किया गया था। तत्कालीन हल्का लेखपाल व कानूनगो ने कब्जा दिला दिया था। अपने आवसीय भूमि पर नीव भरकर 4 फिट दीवाल बना दिया था। गरीबी के कारण वह लोग भवन का निर्माण नही करा पाए। उस निर्माण को गुरुवार की रात में पुष्पेंद्र कुमार कनौजिया निवासी बांसा मल्लावां ने जेसीबी से गिरा दिया। उक्त दबंग व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करन की मांग की।

# सुनील अर्कवंशी ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**सण्डीला ( हरदोई )।** कताई मिल चौकी मुरारनगर सोम स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर से कांवरियों को पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री, सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मंत्री प्रतिनिधि सुनील अर्कवंशी ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें मेहंदी घाट के लिए रवाना किया। शनिवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर कताई मिल चौकी मुरारनगर सोम से मल्लावा मार्ग राघोपुर होते हुए मेहंदीघाट के लिए प्रस्थान कर रहे हजारों कांवरियों को पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मंत्री प्रतिनिधि सुनील अर्कवंशी ने पुष्प वर्षा कर रवाना किया। इस अवसर पर भोलेनाथ पार्वती व नंदीबाबा की झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में डीजे की मधुर धुन पर शिवभक्तों द्वारा हर हर महादेवएजय हो भोलेनाथ के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया और शिवभक्त भोलेबाबा के गीतो पर झूमते नजर आए। अपने सम्बोधन में मंत्री प्रतिनिधि व सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने कहा कि कांवर यात्रा सनातन धर्म की संस्कृति संजोने की प्राचीनतम परम्परा रही है। जो भक्तिभावना के साथ ही समाज में एकता सद्भावना प्रेम व भाईचारे की भावना जागृत करती है उन्होंने श्री महाकालेश्वर कांवर संघ का नेतृत्व कर रहे सम्मानित शिवभक्तों को फूल मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कांवरिया संघ अध्यक्ष दिनेश गुप्ता विनय विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, एसके डायग्नोस्टिक एण्ड डिजिटल एक्स.रे सेन्टर माधौगंज के संचालक सन्दीप कुमार, बजरंग दल के जिला मंत्री गोविंद सिंह अर्कवंशी, चन्दन सिंह अर्कवंशी, अतीश शर्मा समेत तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे। कांवर यात्रा में स्थानीय पुलिस प्रशासन का काफी सराहनीय योगदान रहा। ऐसा बताया जा रहा है कि मेहंदीघाट पर गंगा स्नान करने के बाद कांवर भरकर कांवरिया पदयात्रा करते हुए 21 जुलाई दिन सोमवार की सुबह श्री महाकालेश्वर मन्दिर मुरारनगर सोम में शिवलिंग का जलाभिषेक करेगे। तथा श्री महाकालेश्वर कांवरिया संघ द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन होगा जिसमें नगर के काफी संख्या में शिव भक्त शामिल होंगे।

# मल्लावां पावर हाउस मे लगा मेगा बिजली कैंप, हुई जन समस्याओ की सुनवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** मल्लावां पावर हाउस मे बिजली से सम्बन्धित जैसे बिजली बकाया बिल, खराब मीटर आदि समस्याओ को लेकर अधिकारियों का कैंप लगाया गया सुबह से ही लोगो की भीड़ लगी रही और अपनी समस्या गिनाते रहे लोग वहां पर अपनी समस्या गिनाते रहे अजय यादव भी डबल आईडी की शिकायत लेकर आये थे जे ई शाहब अहितिशाम अहमद ने मीटर संसोधन का आश्वासन दिया। मीटर गड़बड़ी बिल की भी कई शिकायते आ रही थी जिसको लेकर भी कई उपभोक्ता आये थे उनकी भी समस्या का निदान किया गया बिजली समस्या को लेकर अन्य भी फाल्टो का निदान किया गया।

इस अवसर पर हरदोई एक्ससियन के के राठौर, अमित राज चित्रवंशी, एसडीओ मल्लावां सुमित कुमार, एसडीओ माधौगंज रणवीर सिंह, जेई हतिशाम अहमद, जेई माधौगंज सुरेंद्र पटेल, टी०जी०-2 विमलेश, टी०जी०-अविनाश, टी०जी०-2 पवन, टी०जी०-2 शोभित, जेई मीटर अनिल सिंह, जीएमटी नवल किशोर, जीएमटी श्याम सक्सेना आदि अधिकारी पावर हाउस मे उपस्थित रहे।

# टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** महिलाओं के



साथ लाखो रुपयों की टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया। दो लोगो के कब्जे से चांदी की पायल सहित नगद 5 लाख 7 हजार 224 रुपए बरामद कर जेल भेजा। कस्बे के मोहल्ला पूर्वी पटेल नगर निवासी सेवानिवृत्त सैनिक बृजेन्द्र कुमार यादव की पत्नी प्रेम कुमारी से 24 जून को जनसेवा केंद्र से 10 हजार रुपए निकालकर घर जा रही थी। उसी समय तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बातों में उलझाकर उससे लगभग दस लाख रुपए के सोने के जेवरात ले गया था। उसी दिन ग्राम क्योटी ख्वाजगीपुर निवासी रोशन जहां से एक पायल ठग ले गया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एएसपी के निर्देशन में सीओ बिलग्राम रवि प्रकाश ने गठित टीम व एसओजी ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों सबूतों में पाया कि जनपद रायबरेली थाना बछरावां के ग्राम कुंदन गंज निवासी इम्तियाज पुत्र बिस्मिल्लाह व इसी गांव के असगर पुत्र सुभानी को मल्लावां गंगा एक्सप्रेस वे के पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जेवरात बेच दिए। उनके कब्जे से रोशनजहाँ की पायल बरामद किया। इम्तियाज के कब्जे से 2 लाख 53 हजार 100 रुपए व असगर पर माधौगंज के अलावा जनपद बस्ती में तीन व रायबरेली में एक आपराधिक मामले दर्ज है इसके कब्जे से 2 लाख 54 हजार एक सौ चौबीस रुपए व चोरी की बाइक बरामद की। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह संगठित गिरोह में छह लोग है दो पकड़े गए चार जल्द ही पकड़े जाएंगे। ये सभी घटना के पहले पुलिस की लोकेशन को देखकर उस क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर खड़े होकर सतर्क रहकर महिलाओं को घरेलू समस्याओं को बताकर उलझा देते थे। महिलाएं परेशान होकर ठगों के बताए अनुसार कार्य करके ठग जाती थी। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई बलराम सिंह यादव, एसआई जय प्रकाश, हेका एसओजी रमापति दिवाकर, हेका एसओजी जितेंद सिंह, आरक्षी एसओजी मंजेश कुमार, व आरक्षी ब्रजनंदन, आरक्षी सोमवीर, आरक्षी हेमन्त व आरक्षी जय प्रकाश शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बुजुर्ग चौकीदार की हत्या

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूसेपुर और लुकामनपुर के निकट लगे सीमेंट ईंट उद्योग के चौकीदार की 18/19 की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं।मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। मृतक के पुत्र मुकेश उर्फ गुड्डू ग्राम हूसेपुर के अनुसार गांव से कुछ दूरी पर नटवर पुत्र श्रीकान्त अवस्थी के खेत में चन्द्रप्रकाश शुक्ल पुत्र रामकिशोर शुक्ला नि0 मो0 सरायसैफकस्वा व थाना पाली ने करीब 2 वर्ष से सीमेन्ट की ईंट का प्लांट लगा रखा है। जिसमे सीमेन्ट रखने के लिए एक छोटी कोठरी बनी व लेटने के लिए एक पन्नी की झोपड़ी बनी है। उक्त प्लाट खुले मे है।उक्त प्लाण्ट में करीब 20 माह से उसके 62 वर्षीय पिता तेजा केवल रात्रि मे चौकीदारी करते थे रोज की भांति 18 जुलाई की नौ बजे रात मे खाना खाकर चौकीदारी के लिए उक्त प्लांट में गये थे।शनिवार की सुबह करीब 6 बजे जब उक्त प्लांट में काम करने वाली लेवर आयी तो उन्होने सूचना दी कि उसके पिता की किसी ने हत्या कर दी है। वह अपने परिवारी जनो के साथ पहुंचकर देखा कि पिता तेजा का शव उक्त प्लान्ट मे रक्खी झोपड़ी से कुछ दूरी पर उसी खेत में पड़ा है। उनका गला मच्छरदानी के कपड़े से कसा है। तथा उनके शरीर में कुछ चोटे भी है। तथा पास मे प्लान्ट का अल्टीनेटर खुला पड़ा है। उसके पिता की 18/19 जुलाई की रात में अजात व्यक्तियो द्वारा हत्या कर दी गयी है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्राए प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। एएसपी मार्तंड प्रताप सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस को हत्याकांड के जल्द अनावरण करने के निर्देश दिए हैं।

## अधिवक्ता को मारपीट कर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी अधिवक्ता को मारपीट कर घायल करने वाले नामजद स्टाम्प विक्रेता आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 30 जून को संत कुमार सिंह पुत्र छेदा सिंह द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई सुभाष चन्द्र मिश्रा पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला पटकाना द्वारा जमीनी विवाद में हरियांवा थाना क्षेत्र निवासी विपक्षियों से पैसा लेकर गाली.गलौजध्मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।पुलिस ने जांच में हत्या की साजिश व अन्य किसी भी साजिश को झूठा पाते हुए 61 2 धारा का लोप कर दिया। उपनिरीक्षक राकेश कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ब्रह्म में शिक्षा और ज्ञान की भूमिका

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को मनुष्य बनाकर को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

**ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को मनुष्य बनाकर को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है।**

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था।

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में झुग्गियों पर राजनीति

योगेश कुमार सोनी

**दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा का देश-समाज के परिवर्तन का मार्ग है। सूद ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सूद ने कहा कि आवास उन्हीं गरीबों को दिए जाएंगे जिनके पास अपने छत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आरोप-प्रत्यारोप के चक्रव्यूह में सवाल यही है कि क्या पक्ष-विपक्ष केवल झुग्गियों में उलझ कर अपनी राजनीति करेंगे या अन्य योजनाओं पर काम करेंगे। केजरीवाल सरकार की मोहल्ला क्लीनिक योजना पर भी राजनीति हुई है। भाजपा ने मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रख दिया है। नाम तो बदल दिए गए हैं पर काम में तेजी नहीं आई है।हालांकि लगभग दो वर्षों से मोहल्ला क्लीनिक खुद बेहाल थे। इससे दिल्ली की जनता बहुत नाराज थी। भाजपा की सरकार आई तो इसमें परिवर्तन करके आगे संचालित करने की बात कही। पर नाम बदलने के अलावा हुआ कुछ नहीं। अन्य अहम व महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिन पर काम होना था। इनका श्रीगणेश कब होगा, कोई नहीं जानता।**

देश की राजधानी दिल्ली में झुग्गियों को लेकर सियासत नई नहीं है। पिछले रविवार को केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी ने झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली सरकार को पानी पी-पीकर कोसा। गारंटी पर सवाल उठाए। इस पर भला भाजपा कहां चुप रहने वाली थी। भाजपा ने साफ किया कि केवल अवैध झुग्गियों पर कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर और ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है के आसपास झुग्गियां बनाई हैं, उन्हें कोर्ट के आदेशानुसार हटाया जाएगा। सही बात तो यह है कि झुग्गियों को वोट बैंक नहीं समझना चाहिए। लोग झुग्गियां डालते हैं। बाद में सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। पक्के मकान मिल जाते हैं। दिल्ली में झुग्गी माफिया काफी शक्तिशाली है। इस नेटवर्क को तोड़ने की जरूरत है। इसके लिए आलोचना की परवाह नहीं की जानी चाहिए। दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा का देश-समाज के परिवर्तन का मार्ग है। सूद ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सूद ने कहा कि आवास उन्हीं गरीबों को दिए जाएंगे जिनके पास अपने छत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आरोप-प्रत्यारोप के चक्रव्यूह में सवाल यही है कि क्या पक्ष-विपक्ष केवल झुग्गियों में उलझ कर अपनी राजनीति करेंगे या अन्य योजनाओं पर काम करेंगे। केजरीवाल सरकार की मोहल्ला क्लीनिक योजना पर भी राजनीति हुई है। भाजपा ने मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रख दिया है। नाम तो बदल दिए गए हैं पर काम में तेजी नहीं आई है।हालांकि लगभग दो वर्षों से मोहल्ला क्लीनिक खुद बेहाल थे। इससे दिल्ली की जनता बहुत नाराज थी। भाजपा की सरकार आई तो इसमें परिवर्तन करके आगे संचालित करने की बात कही। पर नाम बदलने के अलावा हुआ कुछ नहीं। अन्य अहम व महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिन पर काम होना था। इनका श्रीगणेश कब होगा, कोई नहीं जानता। दिल्ली में भाजपा की सरकार बने लगभग पांच महीने हो चुके हैं। अब सरकार को अपने वादों के अनुसार काम करना चाहिए। वैसे भी दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा की ढाई दशक से भी अधिक समय बाद वापसी संभव हो पाई है। भाजपा की महिला पेंशन योजना खास है। इसे ''संकटग्रस्त महिलाओं के लिए दिल्ली पेंशन योजना'' भी कहा जाता है। यह 18 वर्ष से अधिक आयु की विधवा, तलाकशुदा, अलग हो चुकी, परित्यक्त, या निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिनके पास आजीविका के पर्याप्त साधन नहीं हैं और जो गरीब और जरूरतमंद हैं। इस योजना का उद्देश्य इन महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के तहत मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान में यह राशि 2,500 रुपये है। हाल ही में, विभाग ने एक सत्यापन अभियान चलाया जिसमें 60,000 से अधिक लाभार्थियों को अपात्र पाया गया। इस पर भी खूब राजनीति हुई। अब बात यमुना नदी की। भाजपा सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही आरती शुरू कर दी थी। इससे जनता बहुत प्रभावित हुई लेकिन उसके बाद कुछ खास काम होता नही दिखाई दिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने कहा भाजपा सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। बहरहाल समय रहते भाजपा को धरातल पर काम करना होगा। चूंकि लंबे अरसे बाद सत्ता में वापसी हुई है तो इस बात का ख्याल रखना होगा कि सबका साथ सबका विकास वाले तर्ज पर काम हो। गुणवत्ता व भरोसे के आधार पर जनता ने वोट दिया है तो उसके विश्वास को बनाए रखने के लिए योजनाओं व विकास पर काम होना चाहिए। सावन लग चुका है। सावन और भादों में दिल्ली में जलभराव से पूरा शहर ठप हो जाता है। इसको लेकर अभी तक कोई रणनीति नही दिख रही। वहीं, अभी भी कई इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर परेशानी जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा सबसे बड़ी चुनौती सर्दियां आते ही शुरू होगी। यह चुनौती प्रदूषण की होती है।सर्दियों में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि लोगों को जीना मुहाल हो जाता है। दिल्ली में कंस्ट्रक्शन बंद,डीजल वाहन बंद व इसके अलावा कई गतिविधियों पर रोक सी लग जाती है। इससे करोड़ों का नुकसान होता है और सेहत भी प्रभावित होती है। इसलिए भाजपा के सामने कांटों भरी राह है।

# लोक कल्याणकारी भगवान त्र्यंबकेश्वर

अंजनी सक्सेना



देवाधिदेव महादेव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से हर एक की अपनी अनुपम,अद्भुत एवं अद्वितीय महिमा है। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग भी भगवान शंकर के ऐसे ही परम पुण्यदायी द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जो महाराष्ट्र के ब्रह्मगिरी पर्वत पर त्र्यम्बक नामक गांव में स्थापित है। द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान महादेव के वे स्वरूप हैं जो ज्योति रूप में इस पृथ्वी पर स्वयं ही प्रगट हुए हैं। संसार के समस्त ज्योतिर्लिंगों की उत्पत्ति लोककल्याण के लिए ही हुई ही हुई है। देवाधिदेव महादेव के त्र्यम्बकेश्वर स्वरूप की उत्पत्ति भी लोककल्याणार्थ ही हुई है। श्रीशिवमहापुराण में वर्णित कथानक के अनुसार गौतम ऋषि के आग्रह पर भगवान शंकर ने यहाँ परम पुण्य दायिनी गंगा को अवतरित किया और स्वयं भी यहां त्र्यम्बकेश्वर के रूप में रूप में विराजमान हो गए। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में ब्रह्मगिरी पर्वत गंभीर जल संकट से ग्रसित था । उस समय यह पूरा क्षेत्र निर्जन एवं वीरान वन था। पानी के अभाव के कारण यहां तपस्यारत ऋषि-मुनियों की पत्नियों एवं सेवकों को काफी दूर से जल लाना पड़ता था। पानी के स्त्रोत सीमित थे इस कारण कई बार उनमें आपसी वाद विवाद भी हो जाते थे। ऐसे ही एक बार गौतम ऋषि के सेवक पानी लेने पहुंचे तो अन्य ऋषियों की पत्नियों ने उन्हें डाँट कर वहाँ से भगा दिया । इस पर गौतम ऋषि की पत्नी देवी अहिल्या उन सेवकों को अपने साथ ले गयी और उन्हें पानी भरवाकर ले आयी । इससे शेष ऋषि गण गौतम ऋषि और देवी अहिल्या से नाराज रहने लगे । ऐसे समय में ही एक दुर्बल गाय की घास के तिनके के प्रहार से मृत्यु हो गयी। वह घास का तिनका गौतम ऋषि ने फेंका था इसलिए वहां के ऋषियों ने गौतम ऋषि को ब्रह्महत्या का दोषी मानते हुए उन्हें पूजा कर्म से बहिष्कृत करने की बात कही। उनसे कहा गया कि अगर इस स्थान पर वे गंगा जी को ले आएं तभी इस पाप से मुक्ति पा सकेगें। तब गौतम ऋषि ने भगवान शंकर की घनघोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवाधिदेव महादेव ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा। गौतम ऋषि ने उनसे वहाँ गंगा के अवतरण की बात कही ताकि इससे वहां के जल संकट का स्थायी समाधान हो सके और वे स्वयं भी गौ हत्या के पाप से मुक्ति पा सकें। इस पर भगवान शंकर ने पावन पुनीत गंगा से यहाँ अवतरण की प्रार्थना की। गंगा जी ने आने की सहमति तो दी लेकिन इस शर्त पर कि उनके साथ भगवान शंकर भी उसी स्थान विराजमान होंगें। देवी गंगा की यह शर्त मानकर लोक कल्याणार्थ भगवान शंकर यहाँ ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीन स्वरूपों में विराजमान हो गये । तीन स्वरूप एक साथ होने के कारण ही भगवान शंकर के इस ज्योर्तिलंग का नाम त्र्यम्बकेश्वर हुआ और देवी गंगा गोदावरी के नाम से इस स्थान पर प्रकट हुई। वर्तमान में यह स्थान महाराष्ट्र के नासिक जिले के त्र्यम्बक नामक गांव में है। यहाँ मंदिर के अंदर प्राकृतिक रूप से बनी हुई जलहरी में भगवान अपने त्र्यम्बक स्वरुप (तीन पिंडी रूपी शिवलिंग) में विराजमान है। यहीं से गंगा नदी का उद्?गम हुआ है जिन्हें गौतम ऋषि के नाम पर गौतमी भी कहा जाता है। पुराणों एवं धर्मग्रंथों के अनुसार गौतम कृषि गौतमी के उद्गम स्थल के अपने आश्रम में संध्या, उपासना ,हवन, यज्ञ, पूजा किया करते थे। इस कुंड के पानी से उन्होंने आश्रम के आसपास यज्ञ एवं पूजा उपासना में लगने वाली सामग्री उगाना प्रारंभ की फिर धीरे -धीरे अवर्षा से त्रस्त इस क्षेत्र में वर्षा भी होने लगी और आगे चलकर यह पूरा क्षेत्र हरी-भरी पहाड़ि?यों से घिर गया। आज भी त्र्यम्बकेश्वर महादेव के इस क्षेत्र में भरपूर वर्षा होती है। त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कुशावर्त कुंड है जहाँ स्नान करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां पित्रों की मुक्ति के लिए नारायण बलि एवं नागबलि जैसी विशेष पूजाएं भी होती हैं। कालसर्प दोष के निवारण के लिए भी यहाँ भारी संख्या में भक्त आते हैं।

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

ललित गर्ग

**बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं।**

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा। पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुईं हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है। एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।आरजेडी-कांग्रेस भाजपा और नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं कि जिनके शासन में कभी सुशासन की मिसाल दी जाती थी, अब वही शासन अपराधियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। बिहार के लिए यह समय आत्मचिंतन का है। सरकार को चाहिए कि वह पुलिस-प्रशासन को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करे। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज़ किया जाए ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। बिहार इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। अन्यथा एक ओर पुराना भयावह जंगलराज लौटने की आशंका है, दूसरी ओर एक सक्षम, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता। यदि वर्तमान सरकार इस संदेश को नहीं समझती, तो आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति का नया अध्याय लिख सकते हैं, जिसमें सुशासन नहीं, जनाक्रोश निर्णायक भूमिका निभाएगा। जनता के लिए भी यह चुनाव एक अवसर है कि वे विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करें, न कि जाति या चहेते दल के नाम पर।

# नगर पंचायत कांट का एडीएम ने संभाला चार्ज

- विधायक के साथ की बोर्ड कोरम की बैठक
- सभी पंद्रह सभासदों से उनके वार्डो की समस्याओं को एक एक कर सुना
- सभी जरूरी कार्यों को जल्द से जल्द कराने का निर्देश
- बिजली कर्मचारी को 48 घंटे में कांट शाहजहांपुर रोड पर वैकल्पिक रूप से लाइटे लगवाने के निर्देश





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। नगर पंचायत कांट की चेयरमैन मुनारा बेगम को शासन द्वारा बोर्ड बैठक में खुद मौजूद नहीं रहने,गलत तरीके से फर्जी बिल पास करने समेत कई अनियमिताओं को लेकर मौजूदा चेयरमैन मुनारा बेगम को शासन द्वारा अधिकार सीज करने के बाद बतौर प्रशासक एडीएमए अरविंद कुमार सिंह ने शनिवार को दोपहर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर चार्ज ग्रहण कर लिया।

चार्ज ग्रहण करने के तुरन्त बाद ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह की अगुआई में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपनी तेज तर्रार कार्यशैली के अनुरूप एडीएम ने एक एक सभासद से परिचय लेते हुए एक एक कर सभी सभासदों से उनके वार्डो की समस्याओं को लिखित रूप में लेते हुए सभी आवश्यक कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश अधिशासी अधिकारी को दिया।इसके पश्चात नगर की सफ़ाई व्यवस्था को गम्भीरता से लेते हुए कल रविवार सुबह सात बजे से खुद की उपस्थिति में नगर में सफाई व्यवस्था करने का निर्णय लेते हुए दिशा निर्देश दिए।

एडीएम अरविंद कुमार सिंह ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मार्ग पर जलभराव की समस्या को लेकर गहरी चिंता जताई और एक सप्ताह के भीतर रास्ते की नाली दुरुस्त कराने और पानी निकास की समस्या से निजात पाने को लेकर अधिशासी अधिकारी को दिशा निर्देश दिए।साथ ही कांवर यात्रा को लेकर पूरे नगर पंचायत छेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लाइटे लगवाने के निर्देश बिजली कर्मचारी को दिए। उन्होंने कहा कि सावन माह शुरू हुए एक सप्ताह बीत चुका है लेकिन नगर छेत्र में अंधेरा रहना चिंता का विषय है। इसलिए 48 घंटे में शाहजहांपुर जलालाबाद मार्ग पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लाइटे लगवाने के निर्देश जारी किए।

### कांवरियों के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश

शाहजहांपुर। एडीएम अरविंद कुमार सिंह ने बोर्ड बैठक के दौरान निर्देश दिए कि कांवरियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।साथ ही निर्देश दिए कि कांवरियों की सुरक्षा हेतु रात में नगर पंचायत कर्मी सड़कों पर मौजूद रहेंगे।साथ ही नगर पंचायत कांट में बनाए गए कांवरिया शिविर के अंदर भरे कबाड़ सामान और जेनरेटर को बाहर रखबाबने के निर्देश दिए।इस दौरान ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने कांट अधिशासी अधिकारी नूरजहां को नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुनीश, इब्बन, गिरीश मिश्रा, नईम, इरफान, आदिल, मोहम्मद अनस, रामदास, सरोज कुमार शर्मा शकील आदि लोग मौजूद रहे।

# मध्यस्थता अभियान से न्यायालयों में लम्बित वादों की संख्या में अत्याधिक कमी भी आयेगी : एडीजे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट्र हेतु विशेष मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत मध्यस्थता के महत्व, उपयोगिता एवं सुलह के आधार पर वादों के निस्तारण कराये जाने के सम्बंध में तहसील सदर बांदा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मीडिएशन व कन्सीलेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रहित में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित ऐसे प्रकरण जिसमें सुलह समझौता के आधार पर समाधान की सम्भावना अधिक हो तो ऐसे प्रकरणों को उक्त अभियान के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से सुलह के आधार पर निस्तारण कराया जाना हैं। जिससे कि न सिर्फ वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सकेगा अपितु उनके धन व समय की भी बचत होगी। सचिव द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में प्रायः यह देखा जा रहा हैं कि पारिवारिक मामलों की संख्या अत्याधिक बढ़ती जा रही हैं, जिससे न सिर्फ पति-पत्नी और परिवारों का विघटन हो रहा है अपितु उनके बच्चों का जीवन भी अन्धकारमय हो रहा हैं। न्यायालयों में लम्बित वैवाहिक विवाद के अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कर टूटते परिवारों का बचाना अति आवश्यक है। जिसमें राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा सम्पूर्ण देश में संचालित राष्ट्र हेतु मध्यस्थता अभियान अत्याधिक महत्वपूर्ण व आवश्यक हैं। इस अभियान से पक्षकारों के समय व धन की बचत होगी एवं त्वरित न्याय भी मिलेगा तथा न्यायालयों में लम्बित वादों की संख्या में अत्याधिक कमी भी आयेगी।

श्रीमती सुमन शुक्ला, पराविधिक स्वयं सेवक बांदा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि इस अभियान में पारिवारिक मामलों प्री-लिटिगेशन के वाद एवं मा0 न्यायालयों में लम्बित पारिवारिक मामलों के साथ-साथ दुर्घटना दावे के मामलें, घरेलू हिंसा के मामलें, चेक बाउन्स के मामलें, वाणिज्यिक विवाद के मामलें, शमनीय आपराधिक मामलें, उपभोक्ता विवाद के मामलें, ऋण वसूली के प्रकरण, सम्पत्ति के बटवारें से सम्बन्धित मामलें, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामलें व अन्य उपयुक्त दीवानी प्रकरणों को भी मध्यस्थता के आधार पर निस्तारण हेतु शामिल किया गया हैं। यह अभियान 01 जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक चलाया जायेगा। अनुराग तिवारी सहायक अधिवक्ता द्वारा भी मध्यस्थता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए व मध्यस्थता की आवश्यकता के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# तहसील दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की शिकायत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मंझनपुर तहसील में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने का निर्देश दिया गया उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लंबित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कुल 56 शिकायतों में 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील चायल में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 1 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी तरह तहसील सिराथू में प्राप्त कुल 50 शिकायतों में 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार व उप जिलाधिकारी सुख लाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय मर्जर के विरोध में अभिभावकों का हंगामा

बांगरमऊ (उन्नाव)। प्राथमिक विद्यालय रामदीन खेड़ा द्वितीय के मर्जर को लेकर शनिवार को गांव में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। अभिभावक लाठी-डंडे लेकर स्कूल पहुंचे और बच्चों को उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया भेजने से रोक दिया। शिक्षक अमित कुमार गौतम ने बताया कि वह बच्चों को लेकर पलिया भेजने की तैयारी में थे, तभी दो दर्जन अभिभावक स्कूल पहुंच गए और बच्चों को भेजने से रोक दिया। शिक्षक ने इस मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी। बाद में अभिभावक तहसील कार्यालय पहुंचे और संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम शुभम यादव को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि रामदीन खेड़ा और पलिया के बीच कई गहरे तालाब हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा है। वर्तमान में विद्यालय में 33 बच्चे पढ़ रहे हैं और भविष्य में संख्या बढ़ने की संभावना है। उन्होंने स्कूल मर्जर को वापस लेने की मांग की। एसडीएम ने मामले को जिला प्रशासन को भेजने का आश्वासन दिया।

# अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम और जिला प्रशासन कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- नगर निगम के वार्ड नंबर एक चर्च कॉलोनी में बिना धारा 80 बिना परमिशन के की जा रही है प्लाटिंग
- चर्चकालोनी के बाल्मीकि कॉलोनी में की जा रही अवैध प्लाटिंग

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर नगर निगम क्षेत्र में जिला प्रशासन अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भले ही बड़ी कार्रवाई कर रहा हो लेकिन नगर निगम के वार्ड नंबर 1 चर्च कॉलोनी के पास बनी बाल्मीकि कॉलोनी में बिना किसी परमिशन और बिना धारा 80 कराए प्लाटर अवैध कॉलोनी बना रहे हैं शिकायतकर्ता राम भरोसे ने बताया उनके खेत के पड़ोस में कृषि योग्य जमीन में दबंग प्लॉटर बिना नक्शा पास कराए और बिना धारा 80 के ही प्लाटिंग करने में जुटे हैं तहसील से लेकर जिला अधिकारी तक कई प्रार्थना पत्र दिए लेकिन अवैध प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने बताया खेत की नाप के लिए एसडीएम कोर्ट में मुकदमा चल रहा था जिसका आदेश भी हो चुका है लेकिन अभी तक उनके खेत की नाप नहीं की गई एक तरफ जिला प्रशासन अवैध कॉलोनी और प्लाटरो के खिलाफ बुलडोजर की लगातार कार्रवाई कर रहा है अवैध निर्माण को गिराया जा रहा है वही नगर निगम के वार्ड नंबर 1 नाक के नीचे अवैध प्लॉटर अवैध प्लाटिंग करने में जुटे हुए हैं।जिस तरह से अवैध कालोनियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है उससे नगर निगम को तो बड़ा राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के भाव बेचकर माफिया लोग लाखों करोड़ों रुपए कमाकर अपनी तिजोरिया भरने में लगे हैं

## संक्षिप्त समाचार

### खरीफ सीजन में बढ़ी उर्वरक मांग, विभाग ने सख्ती शुरू की

उन्नाव। खरीफ की बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में जिले में उर्वरकों की मांग तेजी से बढ़ गई है। किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता पूरी तरह से पर्याप्त है और वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और टैगिंग को रोकने के लिए टीमों के माध्यम से निरंतर निरीक्षण किए जा रहे हैं। इस दौरान यह पाया गया है कि कई उर्वरक विक्रेता जांच के समय अपने प्रतिष्ठान बंद कर देते हैं और विभागीय टीम को सहयोग नहीं करते। विभाग ने इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का उल्लंघन माना है। विभाग ने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी विक्रेताओं को नियमों का पालन करना होगा। उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक है, जिससे किसान समय से अपनी फसलों की बुवाई कर सकें।जिले में उर्वरक से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए विभाग द्वारा कंट्रोल रूम नंबर जारी किए गए हैं। किसान और नागरिक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निम्नलिखित नंबरों 7839882173, 9214848105 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विभाग ने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी विक्रेताओं को नियमों का पालन करना होगा। उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक है, जिससे किसान समय से अपनी फसलों की बुवाई कर सकें।

### छात्रा ने मनचले को जड़ा थप्पड़, वीडियो वायरल

शुक्लागंज (उन्नाव)। शनिवार सुबह स्कूली ड्रेस में जा रही एक छात्रा ने मनचले युवक को बीच सड़क पर थप्पड़ों की बौछार कर दी। 33 सेकंड के वायरल वीडियो में छात्रा युवक को जूता निकालकर पीटते हुए नजर आ रही है। युवक उसे रोकने की कोशिश करता रहा और भाई को बुलाने की धमकी दी, लेकिन छात्रा ने उसे करारा जवाब दिया। इस दौरान आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने रहे। बालूघाट चौकी इंचार्ज गजेंद्र यादव ने बताया कि वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है। अभी तक छात्रा की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेशन रोड पर गिरा पेड़, बड़ा हादसा टला

शुक्लागंज (उन्नाव)। शनिवार सुबह करीब पांच बजे स्टेशन रोड पर खड़ा एक पुराना पेड़ तेज बारिश और हवाओं के कारण भरभराकर गिर पड़ा। सौभाग्यवश इस दौरान सड़क से गुजर रहे लोग सुरक्षित बच गए। पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क से पेड़ हटाया, जिसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

### सड़क निर्माण के कारण अवरोध, राहगीरों और बच्चों को परेशानी

शुक्लागंज (उन्नाव)। पीडब्ल्यूडी द्वारा श्रीनगर सरकारी स्कूल से अवस्थी फार्म तक सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए शनिवार को दोनों ओर रास्ते बंद कर दिए गए, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन में अवरोधक लगाए जाने पर कुछ राहगीर मजदूरों से उलझ पड़े। विवाद के बाद मजदूरों ने किनारे से निकलने का रास्ता दिया, जिससे थोड़ी राहत मिली। फिर भी, कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके और कई लोग समय पर अपने कार्यस्थलों तक नहीं पहुंच पाए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।

### पुलिस की तत्परता से डूबते व्यक्ति की बची जान

बांदा। थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत स्थित केन नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय पुलिस टीम द्वारा बिना किसी विलम्ब के स्थानीय गोताखोरों की सहायता से तत्काल रेस्क्यू कर व्यक्ति को सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकाला गया । प्राथमिक चिकित्सकीय सहायता उपरांत उसकी पहचान उत्तम राजपूत पुत्र मुन्ना राजपूत निवासी छतरपुर(म0प्र0) के रूप में हुई जो थाना कोतवाली नगर क्षेत्र ग्राम किलेदार का पुरवा मजरा पल्हरी में ससुराल मे रहता है ।

# सांस्कृतिक रंग में रंगा सफीपुर, बच्चों ने दिखाया हुनर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर (उन्नाव)। कस्बे के बाबा शौकत अली जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को 11वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्राधिकारी मधु नाथ मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ की।

बच्चों ने योग, कव्वाली, गरबा जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से बच्चों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा जताकर भविष्य के प्रति अपनी जागरूकता भी दिखाई। मुख्य अतिथि ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और देश की सेवा होना चाहिए। इस अवसर पर एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अनिल त्रिपाठी, पूर्व सभासद नीरज कुशवाहा, समाजसेवी सुनील चौरसिया, सभासद वसीम अहमद, हाजी रईस व ओमप्रकाश द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सफीपुर में समाधान दिवस में 61 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मौके पर केवल चार मामलों का निस्तारण, भूमि विवाद को लेकर ग्राम प्रधान ने उठाई आवाज

सफीपुर (उन्नाव)। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कुल 61 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं, लेकिन मौके पर केवल राजस्व विभाग के चार मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम मखदूम नगर की ग्राम प्रधान ने भूमि विवाद का मामला उठाते हुए बताया कि गाटा संख्या 506 और 293, जो नवीन परती व अनुसूचित जाति की आबादी के नाम दर्ज हैं, उन पर गांव के ही कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने प्रशासन से उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। इसी प्रकार बृजपालपुर गांव से पहुंचे एक फरियादी ने आरोप लगाया कि मृत जानवरों के निस्तारण के लिए चिन्हित ग्राम समाज की भूमि पर गंगा एक्सप्रेसवे के ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से खुदाई की जा रही है, जिससे ग्रामवासियों को असुविधा हो रही है। राजस्व विभाग से संबंधित 25, पुलिस विभाग की 9, समाज कल्याण विभाग की 2, विकास विभाग की 5, विद्युत विभाग की 4, पूर्ति विभाग की 2 और अन्य विभागों से जुड़ी 14 शिकायतें सामने आईं। एसडीएम शिवेंद्र कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से और गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

### पुरवा में संपूर्ण समाधान दिवस, पांच मामलों का मौके पर निस्तारण



पुरवा (उन्नाव)। शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों में 44 राजस्व, 3 पुलिस और 1 विकास विभाग से संबंधित थीं। इनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान सीओ अजय कुमार सिंह, तहसीलदार आशुतोष पांडेय, खंड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह, मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील की मैग्जीन 'राजस्व दर्शन' का विमोचन किया गया। अंत में तहसील के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये : डीएम

- डीएम ने समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिलाधिकारी बांदा, श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील सदर बाँदा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर बाँदा में कुल 67 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आज मौके पर 08 शिकायतों का निस्तारण, जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बाँदा में ग्राम कनवारा के एक फरियादी द्वारा आवास के पट्टा पर लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल कनवारा को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। गल्ला मण्डी बॉदा में जल भराव की स्थिति सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर नगर मजिस्ट्रेट को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने एवं ईओ को जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिये। लडाका पुरवा के एक फरियादी द्वारा मकान में कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल को जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। हरदौनी ग्राम के फरियादी द्वारा उसके खेत की जमीन में जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल एवं एसएचओ को जांच कर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बॉदा में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### तहसील दिवस नरैनी में आयुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक ने लिया प्रतिभाग

बांदा। तहसील परिसर नरैनी में आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रम में आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा राजेश एस द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया गया। तहसील दिवस के दौरान जनसामान्य की समस्याएं सुनी गईं एवं उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। आयुक्त महोदय द्वारा उप जिलाधिकारी, नरैनी को निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद, दैवीय आपदा जैसी गंभीर शिकायतों के समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी फील्ड स्तर का कर्मचारी कार्यालय में बैठकर कार्य न करे, बल्कि क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्यवाही करे।

### समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

बबेरू/बांदा। तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस उपजिलाधिकारी रजत वर्मा सीओ सौरभ सिंह की अध्यक्षता पर संपन्न हुआ जिसमें कुल 58 मामले आए मौके पर 7 मामले का निस्तारण किया गया शेष समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण के निर्देश दिए गए मामलों का पारदर्शिता से निस्तारण किया जाना चाहिए सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के आये है। बबेरू ग्रामीण नेता नगर बांदा रोड विश्वकर्मा कलोनी के लोगो ने जल निकासी कीव्यवस्था कराये जाने की मांग किया है। इस मौके पर नायब तहसील मनोहर सिंह कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिह राजावत खंड विकास अधिकारी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज बांदा में आज मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डा. पीयूष मिश्रा एवं यातायात प्रभारी संजय मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. पीयूष मिश्रा द्वारा छात्रों को अपने परिवार से ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आगाज करने का आवाहन किया दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने हेतु डोर टू डोर अभियान चलाने हेतु छात्रों को नोडल छात्र के रूप में नामित किया, नाबालिक छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में वाहन लेकर ना आने की चेतावनी दी तथा विद्यालयों/कालेज के प्रधानाचार्य से निवेदन किया कि आने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को बिना हेलमेट के विद्यालय परिसर में प्रवेश न दें। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने यातायात के समस्त नियमों से छात्रों को परिचित कराया तथा नशे की हालत में वाहन ना चलाना, ओवर स्पीडिंग से बचाना तथा लहराकर गाड़ी चलाने जैसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी तत्पश्चात कलेक्ट्रेट चौराहे पर छात्रों द्वारा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों से निवेदन किया कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

# घास काटने गये पिता-पुत्र पर बाघ ने किया हमला, घायल

● वन विभाग की टीम ने दी आर्थिक सहायता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। महेशपुर वन क्षेत्र के आबला बीट के नहसीरपुर गांव के पास शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक घटना उस समय सामने आई जब एक बाघ ने पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, परसेहरा गांव निवासी राम शंकर (55 वर्ष) पुत्र धर्मवीर अपने बेटे पवन वर्मा (23 वर्ष) और अन्य घर के लोगों के साथ शनिवार की सुबह करीब 9 बजे गांव नहसीरपुर स्थित अपने गन्ने के खेत में बौकी और घास काटने गए थे। जब वे गन्ने की बौकी और घास काटने लगे, तभी अचानक एक बाघ गन्ने के खेत से निकल आया और उन पर हमला कर दिया। इस हमले में राम शंकर और उनके बेटे पवन को हाथ और पीठ और सिर पर गंभीर घाव लग गए। अन्य लोगों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाना शुरू किया, जिससे बाघ खेतों के अंदर भाग गया और पिता-पुत्र की जान बच पाई। पटना के बाद से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बाघ की उपस्थिति की पुष्टि की और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। वन विभाग ने दोनों घायलों को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और उन्हें गोला सीएचसी भेजा गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वन विभाग की टीम ने बताया कि गन्ने के खेतों में बाघ के आने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर घास काटने की सलाह दी जाती है। टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने खेतों में जाते समय सावधानी बरतें और समूह में जाएं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि वे उनके क्षेत्र में बाघ की समस्या का समाधान करें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि बाघ के हमले की जांच की जा रही है और जल्द ही बाघ को पकड़ने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और वन विभाग की टीम के साथ सहयोग करें।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 49 शिकायतों में पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित ए 49 शिकायत में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग की थी 30 शिकायत, पुलिस विभाग की 10, संयुक्त जांच हेतु 5, ग्राम विकास विभाग 2, विद्युत विभाग 1, खाद्य एवं रसद विभाग एक शिकायत आई जिसमें विभिन्न विभागों की आई 49 शिकायत में राजस्व एवं आपदा विभाग की आई 30 शिकायतों में पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा 44 शिकायत तो कचोरी का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से शिवम कुमार क्षेत्राधिकारी पुलिस गोला भीमचंद तहसीलदार सहित तहसील ,विकासखंड ,थाना स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक इंस्टिट्यूट लखीमपुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम बघमरा स्थित जयराम इंटर कॉलेज के प्रांगण में मां सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक इंस्टिट्यूट लखीमपुर उत्तर प्रदेश के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा व निशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया कैंप का आयोजन जयराम इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुनेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित रहे और ग्राम के आसपास के कई गांव के मरीज ने स्वास्थ्य कैंप का लाभ उठाया इस कैंप में 175 मरीज ने अपना पंजीकरण कराया और स्वास्थ्य परीक्षण करा कर निशुल्क दवा प्राप्त की इस अवसर पर नीरज सिंह गुरु द्रोणाचार्य आयुर्वैदिक केंद्र के संस्थापक ने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज के निर्धन लोगों को बहुत ही सहयोग प्राप्त हुआ है।

इंस्टिट्यूट के प्रबंधक डॉ राकेश शर्मा ने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और कहा इस तरह के आयोजन में समाज के निर्धन व्यक्तियों को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक की कम कीमत की दवाओं से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ देवेश त्रिवेदी ने अपने संबोधन में बताया स्वास्थ्य का महत्व बहुत अधिक है, यह एक व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता, खुशी और सफलता के लिए आवश्यक है अच्छा स्वास्थ्य व्यक्ति को सक्रिय, ऊर्जावान और खुश रहने में मदद करता है, साथ ही बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचाता है। स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ होना नहीं है, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी स्वस्थ होना है। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सस्ती और विश्वसनीय चिकित्सा है चिकित्सा के माध्यम से निर्धन भी अपना इलाज आसानी से कर सकते हैं।

# लखीमपुर खीरी में खाद संकट: किसानों की परेशानी बढ़ी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर खीरी जिले में खाद की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के बेहजम ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पैला में यूरिया खाद की मांग बढ़ गई है, लेकिन इसकी आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

किसान सुबह से ही सरकारी और निजी उर्वरक की दुकानों पर लाइन में लग जाते हैं, लेकिन जब तक उनका नंबर आता है, खाद खत्म हो जाती है। इससे किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं।

निजी दुकानदार भी यूरिया के साथ अन्य उर्वरक खरीदने का दबाव बना रहे हैं, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। गन्ने और धान की खेती के लिए यूरिया खाद की आवश्यकता होती है, लेकिन इसकी अनुपलब्धता के कारण किसानों को अपनी फसलों की देखभाल में परेशानी हो रही है।

किसानों ने उपजिलाधिकारी मितौली से खाद की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए नियमानुसार वितरण कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक खाद की समस्या का समाधान नहीं होगा, उनकी परेशानी बनी रहेगी। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को अपनी फसलों की देखभाल में मदद मिल सके।

# बच्चों की आँखों में रोगों क़ी पहचान में सतर्कता बरते : डॉ मोहित

● नेत्र परीक्षण अधिकारियों कों आँखों कि गंभीर बीमारियों पर प्रशिक्षण देते हुए चिकित्सा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, मोहम्मदी एवं साईटसेवर्स इण्डिया के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नेत्र स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, मोहम्मदी के सभागार में किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत नेत्र परिक्षण अधिकारीयों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ऑप्टोमेट्रिस्ट की क्षमताओं में वृद्धि करना, नवीनतम तकनीकों की जानकारी देना तथा समुदाय स्तर पर नेत्र रोगों की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम की शुरुवात संस्था के विपिन पाण्डेय के द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत व अस्पताल के विस्तृत परिचय से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. मोहित ने प्रतिभागियों को नवजात शिशुओ में होने वाले नेत्र विकारों की पहचान व इलाज के बारे में बताया तथा नवजात शिशुओ की आँखों से सम्बंधित जरुरी जाँचों पर विस्तार से जानकारी दी अस्पताल के सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट मो. जावेद खान ने मोतियाबिंद की पहचान, रेफरल प्रणाली और समुदाय में निवारणीय अन्धता मुक्त ग्राम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट विकास कुमार ने दृष्टि परीक्षण की उन्नत विधियों तथा रिफ्रैक्शन की प्रक्रिया के बारे विस्तृत जानकारी दी ऑप्टोमेट्रिस्ट प्रखर कुमार ने मरीजों की सुरक्षा व अस्पताल के सेफ्टी मैनेजमेंट व एनएबीएच प्रमाणिकता के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन प्रोग्राम ऑफिसर जन्मेजय अवस्थी के द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किया गया उन्होंने ने बताया कि डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल निरंतर इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करता आ रहा है, और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षणों का आयोजन करता रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## भगवान राम और सीता के विवाह की कथा का हुआ वर्णन



अजान खीरी। छोटी काशी गोला में स्थित साईं मैरिज लान में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास संजीवनी मिश्रा ने भगवान राम और सीता के विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था, जिसमें शिव धनुष को तोड़ने की शर्त रखी गई थी। भगवान राम ने गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचकर इस शर्त को पूरा किया और सीता का विवाह उनसे तय हुआ। इस विवाह में राजा दशरथ अपने पुत्रों और पूरे परिवार के साथ बारात लेकर जनकपुर पहुंचे थे। विवाह के बाद राम और सीता के साथ ही लक्ष्मण, उर्मिला, भरत, मांडवी, शत्रुघ्न और श्रुतकीर्ति की शादियां भी हुईं। कार्यक्रम के दौरान कई सजीव झांकियों के प्रदर्शन ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस मौके पर पूर्व दर्जा मंत्री सुरजन लाल वर्मा, आयोजक जिला पंचायत सदस्य पटेल शिखा, व्यापारी नेता पटेल अशोक कनौजिया, सतीश वर्मा, महेश चंद कनौजिया, रामकुमार वर्मा, राजीव वर्मा समेत सैकड़ों महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## भयंकर आग में राख हुआ माल, लेकिन बड़ी जनहानि से बचाव—फायर ब्रिगेड की तत्परता ने टाला बड़ा हादसा

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर में शुक्रवार देर रात शहर के मुन्नूगंज मोहल्ले में स्थित 'गोला ट्रेडर्स' ब्रेकरी गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि इस दर्दनाक घटना में सबसे राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ और समय पर पहुंची दमकल टीम ने बड़ी जनहानि को टाल दिया। दमकल विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए भरसक प्रयास किए। आग की तीव्रता को देखते हुए दूसरी दमकल भी बुलाई गई। घंटों की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया और आसपास की इमारतों को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने भी स्थिति को संभालने में फायर ब्रिगेड का पूरा सहयोग किया। मोहल्ले के बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के घरों को एहतियातन खाली करा लिया गया था। जांच जारी: आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह राहत की बात है कि गोदाम में मौजूद कोई कर्मचारी या स्थानीय निवासी इस हादसे में घायल नहीं हुआ। नूर मोहम्मद बोले: ''माल तो चला गया, लेकिन अल्लाह का शुक्र है कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। फायर ब्रिगेड और मोहल्ले वालों ने जो मदद की, वो काबिले तारीफ है।''

## पूरी सावधानी करें टीकाकरण का कार्य: आयुक्त

बांदा। शनिवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार द्वारा तहसील नरैनी अंतर्गत कन्या पाठशाला, किदवईनगर में आयोजित वीएचएनडी सत्र एवं विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वीएचएनडी सत्र आयोजन हेतु चयनित कक्ष विद्यालय परिसर के किनारे व संकीर्ण मार्ग पर स्थित है, जिससे गर्भवती महिलाओं को पहुँचने में कठिनाई होती है। सत्र के दौरान एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं लिंक वर्कर उपस्थित पायी गईं। निरीक्षण तिथि को कुल 13 गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीकाकरण किया गया। आयुक्त ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, अतः इसे पूरी सावधानी, सजगता एवं सुविधाजनक ढंग से संपन्न किया जाए। सभी लाभार्थी महिलाओं को दवाओं एवं टीकों से संबंधित समुचित जानकारी प्रदान की जाएक्ृजैसे कि टीका या दवा क्यों आवश्यक है, इसके क्या लाभ हैं तथा यह उनके एवं शिशु के स्वास्थ्य के लिए कैसे उपयोगी है। आयुक्त महोदय ने इस कार्य को पूर्ण ईमानदारी, समयबद्धता एवं प्रतिबद्धता के साथ निष्पादित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरैनी को निर्देशित किया गया कि वीएचएनडी सत्र हेतु कोई अन्य उपयुक्त कक्ष चयनित किया जाए।

# समाधान दिवस में दो शिकायतों का समाधान शेष को 'धैर्य प्रमाणपत्र' देकर किया विदा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा, खीरी। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को तहसील धौरहरा में समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सावन माह के कारण शिकायतकर्ताओं की संख्या कुछ कम रही, लेकिन जो लोग पहुंचे, वे उम्मीदों से भरे थे। समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एक मामले में आंशिक समाधान किया गया, जबकि बाकी 26 शिकायतकर्ताओं को 'धैर्य रखें, कार्रवाई जारी है' का आश्वासन देकर वापस भेजा गया। शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रेषित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतों का विभागवार विवरण: राजस्व विभाग -11 शिकायतें, पुलिस विभाग ऽ 9 शिकायतें, चकबंदी विभाग -2 शिकायतें, विकास विभाग - 2 शिकायतें, समाज कल्याण - 1 शिकायत, आपूर्ति विभाग - 1 शिकायत, नगर पंचायत - 2 शिकायतें समाधान दिवस में तहसीलदार आदित्य विशाल और अन्य रहे। तहसीलदार ने शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया, हालांकि पुलिस से जुड़ी शिकायतों की संख्या इस बार भी उल्लेखनीय रही। समापन अपराह्न 2 बजे किया गया।उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने कहा, दो मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया है। शेष शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि शिकायतकर्ताओं को शीघ्र न्याय मिले। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि अधिकांश फरियादी अभी भी न्याय के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया के भरोसे इंतजार कर रहे हैं। अब देखना है कि अगली समाधान बैठक तक शिकायतें हल होंगी या फिर 'धैर्य' ही एकमात्र समाधान बना रहेगा।

## रात में चोरी–छिपे खाद बेच रहा था भारत फर्टिलाइजर्स, छापेमारी में खुला राज

लखीमपुर खीरी। कस्बा पलिया में संचालित भारत फर्टिलाइजर्स पर उर्वरक की रात्रिकालीन अवैध बिक्री की शिकायत सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार रात प्राप्त सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार पलिया और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की। सूचना के अनुसार, विक्रेता द्वारा रात्रि में यूरिया की बिक्री की जा रही थी। जांच के दौरान दुकान बंद पाई गई। जब दुकान खुलवाई गई तो वहां मात्र 04 बोरी यूरिया और गोदाम में 35 बोरी यूरिया मिला। जबकि सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के रिकॉर्ड के अनुसार, 18 जुलाई को भारत फर्टिलाइजर्स के पास 113 बोरी यूरिया स्टॉक में थी। इस आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि बीती रात भारी मात्रा में अनियमित तरीके से उर्वरक का विक्रय किया गया। पाई गई अनियमितता को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने नियमानुसार सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## साइबर ठगी का शिकार युवक को इंसाफ की आस पुलिस ने सादे कागज़ पर दस्तख़त लेकर लौटाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र ग्राम मठिया जवाहर नगर निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार होने पर थाने में न्याय न मिलने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित युवक जब न्याय की उम्मीद लेकर थाने पहुंचा तो उसे न केवल निराशा हाथ लगी, बल्कि स्थानीय पुलिस चौकी अजान पर उससे सादे कागज़ पर दस्तख़त लेकर धमकाते हुए वापस भेज दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामला थाना हैदराबाद क्षेत्र के मडिया जवाहर नगर निवासी पीड़ित मायाराम पुत्र ठाकुर प्रसाद का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई माह मे गांव के ही सत्यपाल पुत्र कुंदन नामक व्यक्ति ने मायाराम को यह कहकर बहकाया कि जनधन योजना के अंतर्गत सरकार लाभ दे रही है और इसके लिए बैंक खाता खुलवाना जरूरी है। सत्यपाल उसे लेकर ममरी गांव स्थित इंडियन बैंक शाखा में गया, जहां मायाराम के नाम से खाता खोला गया और मोबाइल नंबर 8114048302 पर सिम कार्ड खरीदा गया। इस के बाद सत्यपाल ने मायाराम से कहा कि सभी दस्तावेज़ दिल्ली भेजे जाएंगे और उसके खाते में पैसे आएंगे। इसी दौरान उससे इंटरनेट बैंकिंग की यूज़र आईडी, पासवर्ड और ओटीपी भी ले लिया गया। दिनांक 25 जून 2025 को बैंक के शाखा प्रबंधक खुद मायाराम के घर पहुंचे और बताया कि उसके खाते से करीब ?45 लाख का लेनदेन हुआ है। यह सुनकर मायाराम के होश उड़ गए। उसने तत्काल ठगी की शिकायत 11 जुलाई को थाना हैदराबाद चौकी अजान में दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने उसकी मदद करने की बजाय, उससे सादे कागज़ पर हस्ताक्षर करवा लिए और धमकाया कि अगर वह कहीं और शिकायत करेगा, तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। डरा-सहमा मजदूरी करने वाला मायाराम कई दिनों तक चुप रहा, लेकिन अंततः 16 जुलाई 2025 को एक बार फिर साहस जुटाकर पुलिस अधिक्षक के दरबार पहुंचकर न्याय की मांग की करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।

# सांसद उत्कर्ष वर्मा ने सुनी ग्राम वासियों की समस्याएं



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पंडरिया तुला खीरी। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने बिजुआ ब्लॉक में लगभग आधा दर्जन से अधिक ग्राम सभा में जन चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान किया। और सांसद उत्कर्ष वर्मा ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में भाजपा सरकार के कृषि मंत्री जिस समिति पर जाते हैं, उस समिति पर किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री को आंकड़ों की सही जानकारी नहीं है। खाद की तस्करी नेपाल हो रही है, जिसे प्रशासन रोकने में नाकाम है। जिसको लेकर सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि खाद के लिए किसानों को लाठियां या तो बहुजन समाज पार्टी की सरकार में खानी पड़ती थी या फिर अब खानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के लिए मैं लगातार आवाज उठाता रहा हूं, लेकिन बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा कोई भी कार्य नहीं हो पाया। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि अगले 2 दिन में मानसून सत्र चालू हो रहा है। इस सत्र में हम पीडीए के जननायक अखिलेश यादव की अगुवाई में भाजपा की भ्रष्ट सरकार को घेरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से फ़ेल है। इस मौके पर नेतागण, कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता मौजूद रही। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने जन चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने का प्रयास किया।

## आयुक्त द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरैनी का किया गया औचक निरीक्षण

बांदा। शनिवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरैनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र परिसर में कई खामियां पाई गईं। मुख्य परिसर में टाइल्स उखड़ी हुई थीं, शौचालयों के दरवाजे टूटे मिले एवं साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। आयुक्त महोदय ने स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक अजय मिश्रा को निर्देशित किया कि उपरोक्त सभी कमियों को शीघ्रता से ठीक कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि केन्द्र में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनी रहे, विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुसज्जित हो, मरीजों के बैठने हेतु पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था हो तथा चिकित्सकों के ड्यूटी चार्ट को सार्वजनिक स्थान पर वाल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए, जिससे आमजन को सहज जानकारी प्राप्त हो सके एवं केन्द्र में समस्त आवश्यक व्यवस्थाए भारत सरकार द्वारा लागू एन0क्यू0ए0एस0 मानक के अनुरूप हो। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कुंभी ब्लॉक में टेंडरों का टेढ़ा खेल

● चहेती फर्मों की झोली में करोड़ों, बाकी एजेंसियां ठगी रहीं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखीमपुर खीरी। कुंभी विकास खंड में विकास योजनाओं के नाम पर सरकारी बजट के बंदरबांट का खुलासा हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग से प्राप्त ?4.50 करोड़ से अधिक की राशि का अधिकांश हिस्सा कुछ चुनिंदा फर्मों को आवंटित कर दिया गया। इन फर्मों को पहले भी बार-बार ठेके दिए जाते रहे हैं, जबकि ब्लॉक में दर्जनों पंजीकृत एजेंसियों को न तो कोई सूचना मिली, न ही पारदर्शी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई।

जांच में सामने आया कि अधिकांश टेंडर ऐसे अखबारों में छापे गए जिनकी न तो विश्वसनीय पहुंच है और न ही वे सूचना विभाग में पंजीकृत हैं। नतीजतन, ज़्यादातर स्थानीय एजेंसियों को टेंडरों की जानकारी ही नहीं मिली, और ठेके उन्हीं पुराने 'चहेतों' की झोली में जा गिरे। सबसे ज्यादा ठेके नीरज कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर को दिए गए– एक ही फर्म को 5 अलग-अलग काम, जिनमें पुलिया निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत और खड़ंजा शामिल हैं। इस फर्म को लगभग ?42.72 लाख के कार्य दिए गए। इसके अलावा लड़ैता देवी एजेंसी को भी 4 ठेके मिले जिनकी कुल राशि करीब ?35.76 लाख रही। यहां भी कार्यों की प्रकृति में दोहराव मिला–खड़ंजा और पुलिया निर्माण।

छोटे भुगतान, बड़ा शक- ''क्षेत्र निधि पूल खाता'' जैसे आंतरिक खातों से भी एक ही सप्ताह में ?39,000 से ?41,000 के छोटे-छोटे भुगतान लगातार किए गए। इनमें भी संदिग्ध तरीके से वही एजेंसियां लाभार्थी बनीं, जिससे संदेह और गहरा हो गया है।

जमीन पर अधूरे काम, पोर्टल पर 'पूर्ण'-खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) आवास में टाइलें लगाकर सौंदर्यीकरण कराया गया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में नाली, खड़ंजा और जलनिकासी जैसे आवश्यक कार्य अधूरे पड़े हैं। पोर्टल पर इन्हें 'पूर्ण' दर्शाकर खानापूरी की जा रही है।

गांवों की आवाज़: हो निष्पक्ष जांच- गांवों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया ब्लॉक अधिकारियों और कुछ जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से चलाई जा रही है। उनका कहना है कि यदि अब भी जांच नहीं हुई, तो यह भ्रष्ट तंत्र और भी मजबूत होता जाएगा। मांग उठी है कि पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए ताकि जवाबदेही तय हो सके और भविष्य में पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत दो अपराधियों को अवैध असलहा मामले में सजा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के थाना बबेरू के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने 19 मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि कामता उर्फ़ कमतू पुत्र मैयादीन और गरीबदास उर्फ़ मुन्ना पुत्र रामऔतार निवासीगण ग्राम गौरा मजरा जलालपुर थाना बबेरू जनपद बाँदा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना बबेरू में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे चतुर्थ गैंगस्टर कोर्ट द्वारा दोनो अभियुक्तों को 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5000 /रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। गैंगस्टर की विवेचना निरीक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके पैरोकार चक्रधारी कोर्ट मोहर्रिर अमित राजपूत व देवेंद्र सिंह विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद अभियुक्त को सजा दिलायी गईं । इनका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर कामता उर्फ़ कमतू हैं और गरीबदास सक्रिय सदस्य हैं यह गैंग अपने और अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए अवैध असलहो को बनाना, अवैध असलहो को रखना व अपने गैंग के शौक पूरे करने के लिए अवैध रूप से असलहो को बना कर चोरी से बेचने जैसे अपराध कारित करके अवैध धन अर्जित करता है। यह सभी बहुत ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने यह बताया की यह गैंग चोरी के हथियार बनाना और उन्ही हथियारों से लोगो मे भय फैलाना जैसे गंभीर अन्य अपराधो को कारित करने के अभ्यस्त अपराधी है जिनके आधार पर इन सभी अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। यह सभी बहुत ही दबंग और शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये सभी गैंग बनाकर अपराध को अंजाम देते हैं । इनके आतंक से आसपास के जनपद और गैर जनपदों में दहशत फैली हुई हैं।

# निजी कारणों से यॉर्कशर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर रुतुराज गायकवाड़ अब काउंटी चैंपियनशिप 2025 के शेष सीजन में यॉर्कशायर के लिए मैदान पर नहीं उतरेंगे। क्लब ने 18 जुलाई को आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि रुतुराज ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से हटने का निर्णय लिया है। रुतुराज ने यॉर्कशायर के साथ पांच मैचों का अनुबंध किया था और वह 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ अपना पहला मैच खेलने वाले थे। हालांकि, अचानक लिए गए इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया, और इसके पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इस निर्णय की जानकारी क्लब और कोचिंग स्टाफ को हाल ही में मिली, जिससे टीम प्रबंधन को तगड़ा झटका लगा है। 28 वर्षीय रुतुराज ने IPL 2025 में केवल पांच मैच खेले थे, लेकिन कोहनी की चोट के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इसके बाद, उन्होंने चोट से उबरकर भारत ए के इंग्लैंड दौरे पर कुछ मुकाबले खेले, जिससे यॉर्कशायर के लिए उनके प्रदर्शन की उम्मीदें बढ़ गई थीं। प्रशंसक और टीम प्रबंधन उनके काउंटी डेब्यू को लेकर उत्साहित थे। यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने रुतुराज के इस फैसले पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''यह बेहद दुखद है कि रुतुराज निजी कारणों से हमारे साथ नहीं खेल पाएंगे। हम उन्हें स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम का हिस्सा नहीं बना पाएंगे। हमें उनके फैसले के कारणों की जानकारी नहीं है, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि सब कुछ ठीक होगा। हमें यह खबर हाल ही में मिली है, और अब हम विकल्प तलाश रहे हैं। लेकिन समय बहुत कम है, केवल दो-तीन दिन बचे हैं, इसलिए नया खिलाड़ी ढूंढना चुनौतीपूर्ण है। रुतुराज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। उन्होंने 38 मैचों में 41.77 की औसत से 2632 रन बनाए हैं, जिसमें सात शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी तकनीकी बल्लेबाजी और धैर्य उन्हें काउंटी क्रिकेट के लिए आदर्श खिलाड़ी बनाता है।

## भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

सोलो (इंडोनेशिया)। भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए ग्रुप डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को 110-83 से हराकर बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह जीत शुक्रवार को श्रीलंका पर भारत की पहले दिन की प्रभावशाली जीत के बाद आई है। हांगकांग ने भी इतने ही मैचों में दो जीत दर्ज कीं, जिससे दोनों टीमों ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों टीमें रविवार को ग्रुप डी के विजेता का फैसला करने के लिए भिड़ेंगी। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग प्रारूप में खेला जा रहा है, जहां टीमें 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने के लिए दौड़ती हैं। भारत ने शानदार शुरुआत की, लड़कियों की एकल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया, इसके बाद सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया कुछ मैचों में यूएई के कड़े प्रतिरोध के बावजूद, भारत ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी।

# बुडापेस्ट मीट में अंतिम पंघाल और हर्षिता ने जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी

बुडापेस्ट। ओलंपियन अंतिम पंघाल और हर्षिता ने हंगरी के बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में अपने-अपने भार वर्ग में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत की महिला पहलवानों ने शुक्रवार को दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल चार पदक जीते। इसी के साथ भारती इस टूर्नामेंट में कुल पदकों की संख्या छह हो गई है। फाइनल में अंतिम पंघाल ने नतालिया मालिशेवा को 7-4 से हराया और इस साल अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने इसी वर्ष मई में उलानबातार ओपन में जीत हासिल की थी। पेरिस 2024 ओलंपिक के एक रिमैच में, अंतिम पंघाल ने अपने अभियान की शुरुआत तुर्किये की जेनेप येतगिल पर 10-0 की धमाकेदार जीत के साथ की। पिछले वर्ष पेरिस में, भारतीय पहलवान अपने शुरुआती मुकाबले में तुर्की की पहलवान से इसी स्कोर से हार गई थीं। दो बार की जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन अंतिम ने सेमीफाइनल में एक और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की फ़ेलिसिटी के टेलर को 10-0 से मात दी और स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की। इसके अलावा हर्षिता ने नॉर्डिक सिस्टम में प्रतिस्पर्धा करते हुए 72 किग्रा वर्ग में भारत के लिए दिन का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल राउंड में कजाकिस्तान की चार बार की एशियन चैंपियन जमिला बाकबर्गेनोवा को शिकस्त दी। पिछले राउंड में हर्षिता ने फ्रांस की पॉलीन लेकारपेंटियर को डिसक्वालिफिकेशन और केसिया बुराकोवा को फॉल के आधार पर हराया था। इस बीच, नेहा सांगवान को 57 किग्रा वर्ग में पूर्व ओलंपिक चैंपियन अमेरिका की हेलेन मारौलिस के खिलाफ फाइनल में पिनफॉल के जरिए 4-0 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।18 वर्षीय नेहा सांगवान ने क्वार्टर फाइनल में पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कजाकिस्तान की निलुफर रायमोवा को 7-2 से और सेमीफाइनल में हंगरी की रोजा सेंटमासी को 8-4 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए जगह बनाई। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में, नीलम ने फाइनल में केसेनिया स्टेकेविच को हराकर कांस्य पदक जीता। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन में कनाडा की मैडिसन पार्क्स को 10-8 से हराया, लेकिन क्वार्टर फाइनल में एलिजावेटा स्मिरनोवा से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा। नीलम ने रेपेचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक के लिए जगह बनाई, जहां उन्होंने नादेज्दा सोकोलोवा को 18-7 से हराया।

# 2025-26 घरेलू सीजन के लिए बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए शमी

एजेंसी

कोलकाता। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, जो इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से एक्शन से बाहर हैं, उन्हें आगामी घरेलू सीजन के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की विस्तारित सूची में शामिल किया गया है। वे पूर्व जोन की ओर से सीजन की शुरुआती दलीप ट्रॉफी में खेल सकते हैं, जो 28 अगस्त से शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट पुराने अंतर-जोनल प्रारूप में लौट रहा है और शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का मंच बन सकता है। शमी ने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 खेले हैं। उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। भारत ने वह टूर्नामेंट जीतते हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था और शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे - जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे (चक्रवर्ती ने ये नौ विकेट सिर्फ तीन मैचों में लिए)। हालांकि, शमी टूर्नामेंट में भारत के सबसे महंगे गेंदबाजों में भी शामिल रहे, जिनकी इकोनॉमी 5.68 रन प्रति ओवर रही। इसके बाद आया आईपीएल, जिसमें शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में सिर्फ छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही। ये सब एक लंबे ब्रेक के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी जूझे। उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में वापसी की थी। उससे पहले वह भारत के लिए आखिरी बार नवंबर 2023 में वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में खेले थे। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी 2024 के अंत में बंगाल के साथ हुई थी। बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में सभी अपेक्षित नाम शामिल हैं - जैसे अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

एजेंसी



बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की शनिवार को घोषणा की। बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पांच सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी के मद्देनजर महत्वूपर्ण है। इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को 2026 एफआईएच महिला विश्वकप के लिए सीधे जगह मिलेगी। इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। शिविर को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, यह शिविर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर है। एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट है, बल्कि 2026 विश्व कप के लिए एक सीधा रास्ता भी है। हम इस शिविर में पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ भाग ले रहे हैं ताकि हम हांगझाऊ में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार टीम के रूप में पहुंच सकें।

उन्होंने कहा, हमने निरंतरता बनाए रखने के लिए पिछले शिविर के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, साथ ही युवा खिलाड़ियों को सीनियर टीम में शामिल होने के लिए अधिक समय भी दिया है। यूरोप में एक कठिन प्रो लीग अभियान के बाद, जहां हम अपने मनचाहे परिणाम नहीं हासिल कर पाए थे, यह शिविर हमें खुद को फिर से स्थापित करने, फिर से ध्यान केंद्रित करने और मजबूती से वापसी करने का मौका देता है।

उन्होंने कहा, ्समूह के भीतर ऊर्ज़ा सकारात्मक है। खिलाड़ियों को पता है कि क्या दांव पर लगा है, और हम हर सत्र का उपयोग अपनी संरचना को बेहतर बनाने, दबाव में निर्णय लेने और समग्र सामंजस्य स्थापित करने के लिए करेंगे।

भारतीय सीनियर कोर ग्रुप के 40 सदस्य इस प्रकार हैः- गोलकीपर : सविता, बिचु देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो और समीक्षा सक्सेना। डिफेंडर : महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग और सुमन देवी। मिडफील्डर :- सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो और पूजा यादव। फॉरवर्ड :- दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश और काजल अत्पडकर ।

## संक्षिप्त समाचार

### चैपल ने कहा, गिल की असली परीक्षा अब शुरू होगी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। भारत इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच 22 रन से हार गया और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गया। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा, ''भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नज़रें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा। चैपल चाहते हैं कि गिल अपने प्रदर्शन से टीम के लिए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा, ''गिल को यह दिखाना होगा कि वह भारत को किस तरह की टीम बनना चाहते हैं। कप्तान न केवल अपनी बातों से बल्कि अपने प्रदर्शन और स्पष्ट मानदंडों से टीम के अंदर माहौल तय करता है। चैपल ने कहा, ''इसका मतलब है टीम को मैदान पर अनुशासित बनाए रखना। भारत एक बार फिर खराब क्षेत्ररक्षण वाली टीम बनने का जोखिम नहीं उठा सकता। सर्वश्रेष्ठ टीमें मैदान में शानदार होती हैं। वे आसानी से रन नहीं देते। वे मौके नहीं गंवाते। चैपल चाहते हैं कि गिल उस टीम के चयन में दृढ़ रहें जो उन्हें लगता है कि उनके लिए मैच जीत सकती है। उन्होंने कहा, ''चयनकर्ता और गिल जिन खिलाड़ियों का चयन करते हैं उन पर उन्हें भरोसा बनाए रखना होगा। उन्हें खिलाड़ियों के एक मुख्य समूह की पहचान करनी होगी जिन पर उन्हें विश्वास रहे कि वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

### भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**सोलो (इंडोनेशिया)।** भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए ग्रुप डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को 110-83 से हराकर बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह जीत शुक्रवार को श्रीलंका पर भारत की पहले दिन की प्रभावशाली जीत के बाद आई है। हांगकांग ने भी इतने ही मैचों में दो जीत दर्ज कीं, जिससे दोनों टीमों ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों टीमें रविवार को ग्रुप डी के विजेता का फैसला करने के लिए भिड़ेंगी। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग प्रारूप में खेला जा रहा है, जहां टीमें 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने के लिए दौड़ती हैं। भारत ने शानदार शुरुआत की, लड़कियों की एकल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया, इसके बाद सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया। कुछ मैचों में यूएई के कड़े प्रतिरोध के बावजूद, भारत ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी। आधे समय तक स्कोरबोर्ड भारत के पक्ष में 55-41 था। यूएस ओपन की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने इसके बाद मधुमिता सुंदरपांडियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को 66-46 तक पहुंचाया। लालरामसांगा ने कोर्ट पर वापसी की और इस बार दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में रेशिका यू के साथ जोड़ी बनाई। उन्होंने आदित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 से आगे कर दिया, जिससे टीम प्रभावी रूप से बढ़त पर आ गई। भारत अब अपनी लय बरकरार रखने और रविवार को हांगकांग के खिलाफ जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेगा।

### रिलायंस जियो को पहली तिमाही में 6,711 करोड़ का मुनाफा, 5जी सब्सक्राइबरों की संख्या 20 करोड़ के पार

**मुंबई।** रिलायंस समूह की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 6,711 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह आँकड़ा 5,445 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शुक्रवार को जारी वित्तीय परिणामों में बताया कि इस साल अप्रैल-जून की तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 26,580 करोड़ रुपये से 31,493 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी। तिमाही के दौरान उसके 5जी ग्राहकों की संख्या 20 करोड़ को पार करती हुई 21.3 करोड़ हो गयी। इस दौरान जियो के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड कनेक्शन लेने वालों की संख्या भी लगभग दो करोड़ हो गयी है। रिलायंस जियो इंफोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ्जियो के लिए यह तिमाही एक मील का पत्थर है। इस बार हमारे 5जी के ग्राहकों की संख्या 20 करोड़ को पार कर गयी। होम सबस्क्राइबर का बेस भी दो करोड़ के पार पहुंच गया है। जियो ने भारत में अपनी अत्याधुनिक डिजिटल सेवा को आगे बढ़ाते हुए जियोगेम्स क्लाउड और जियोपीसी बंडल लॉन्च किये हैं। इनके दाम किफायती रखे गये हैं, ताकि ये ज्यादा लोगों तक पहुँच सकें। जियो, टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करके 5जी तथा फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। देश में आगे चलकर यह एआई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ: वैष्णव

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि इस साल व्यावसायिक स्तर पर पहली भारत में बनी सेमीकंडक्टर चिप आएगी।

# भारत का चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 2.85 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी



कोलकाता। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का चाय निर्यात सालाना आधार पर 2.85 प्रतिशत बढ़कर 25.79 करोड़ किलोग्राम हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

वित्त वर्ष 2023-24 में देश का चाय निर्यात 25.07 करोड़ किलोग्राम रहा था। चाय बोर्ड के हालिया आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 16.12 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 14.90 करोड़ किलोग्राम से 8.15 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी प्रकार, आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण भारत से निर्यात 2024-25 में 4.92 प्रतिशत घटकर 9.67 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 10.17 करोड़ किलोग्राम था। प्रति किलोग्राम चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 258.30 रुपये से 12.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 में चाय निर्यात 25.62 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में 10.57 प्रतिशत की वृद्धि है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात 15.55 करोड़ किलोग्राम रहा, जबकि दक्षिण भारत से यह 10.07 करोड़ किलोग्राम रहा, जो क्रमशः 10.28 प्रतिशत और 11.02 प्रतिशत की वृद्धि है।

# शुल्क तनाव के बीच पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि दोनों देशों के बीच जारी व्यापार वार्ता के सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के लिए वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क लगाने के तहत पाकिस्तान को अमेरिका को निर्यात पर 29 प्रतिशत कर का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच शुक्रवार को औरंगजेब की अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के साथ बैठकें हुईं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि औरंगजेब ने वाशिंगटन, डीसी में लुटनिक और ग्रीर के साथ एक सकारात्मक बैठक की, जिसमें दोनों पक्ष व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने में हुई प्रगति से संतुष्ट थे। बयान में कहा गया, दोनों देशों ने आपसी लाभ के सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# वेदांता समूह पर वायसराय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं: पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट ्विश्वसनीय नहीं् है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पूर्व सीजेआई ने कहा कि ्वायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कंपनी पर वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप हैं, जिससे वेदांता समूह के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में पोंजी स्कीम और परजीवी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं, जिनसे प्रश्नकर्ता (वेदांता) के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। इन परिस्थितियों में, प्रश्नकर्ता कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर ने नौ जुलाई की अपनी रिपोर्ट में अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली ब्रिटिश कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को एक परजीवी बताया था, जो अपनी भारतीय इकाई को व्यवस्थित रूप से खत्म कर रही है। समूह ने इस आरोप को चुनिंदा गलत सूचना पर आधारित और निराधार बताया, जिसका मकसद कंपनी को बदनाम करना है। वाइसराय रिसर्च ने भारतीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड की ब्रिटेन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के कर्ज के खिलाफ एक शॉर्ट पोजीशन ली थी और आरोप लगाया था कि यह समूह भारी कर्ज, लूटी गई संपत्ति और लेखांकन की झूठी बातों की नींव पर बना एक ताश का घर है।

# सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने 21 जुलाई को गूगल और मेटा को तलब किया

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामलों की जांच के सिलसिले में दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल और मेटा को नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इन टेक कंपनियों को पूछताछ के लिए 21 जुलाई को बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने सट्टेबाजी अनुप्रयोगों से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल और मेटा को नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सट्टेबाजी ऐप मामले में गूगल और मेटा को 21 जुलाई को तलब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ''गूगल और मेटा प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के जरिए सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा दे रहे हैं और उपयोगकर्ताओं तक उनकी पहुंच को आसान बना रहे हैं।'' एजेंसी इन अवैध ऐप्स के प्रचार में डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका की जांच कर रही है, जो धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के संभावित उल्लंघन के लिए जांच के दायरे में हैं। उल्लेखनीय है कि यह कदम ईडी की ओर से मुंबई में एक बड़े डिब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चार ठिकानों पर छापेमारी के कुछ दिनों बाद उठाया गया है, जिसमें 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी, लग्जरी घड़ियां, आभूषण, विदेशी मुद्रा और लग्जरी वाहन जब्त किए गए थे।

# केंद्रीय औद्योगिक उद्योगों में नयी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाए जाने पर बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक उद्यम विभाग ने ऊर्ज़ा, बिजली, दूरसंचार और निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार कर रहे केन्द्र सरकार के उपक्रमों को कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ द दिंग्स (आईओटी) और थ्री डी प्रिंटिंग जैसी चौथी पीढ़ी की उभरती औद्योगिकी प्रौद्योगिकियों के प्रयोग पर ध्यान देने को कहा है। विभाग आने वाले समय में इन उपक्रमों के साथ लक्ष्य और कार्यनिष्पादन संबंधी वार्षिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू)की मूल्यांकन व्यवस्था में उद्योग 4.0 (इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण) को करने पर भी विचार किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इसके वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की इनकी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। विभाग के सचिव के. मोसेस चलई ने देश में चौथी औद्योगिक क्रांति (चौथी पीढ़ी की विनिर्माण प्राद्योगिकी वाली औद्योगिक क्रांति) को राष्ट्रीय मिशन के रूप में अपनाने के महत्व पर बल दिया। वह उद्योग 4.0 पर एक कार्यशाला का उद्घाटन कर रहे थे। विभाग ने इसका आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में किया। श्री चलई ने इस अवसर पर सामान्य प्रयोजन प्रौद्योगिकियों (जीपीटी) पर संक्षेप में प्रकाश डाला। कार्यशाला में ऊर्ज़ा, बिजली, निर्माण, बुनियादी ढांचा, दूरसंचार और सेवा जैसे क्षेत्रों में उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनका विस्तार करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और नेतृत्व को एक साथ लाया गया। श्री चलई ने कार्य में सभी विभागों में समन्वय की 'संपूर्ण सरकार' वाली सोच की तर्ज पर एक -'संपूर्ण लोक उपक्रम' के दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया और सभी सीपीएसई से अपने कार्यों में एआई, आईओटी, डिजिटल ट्विन्स, थ्री डी प्रिंटिंग और 5जी-सक्षम स्मार्ट बुनियादी ढांचे जैसे 4 चौथी पीढ़ी की औद्योगिक क्रांति की सक्षमकर्ताओं को एकीकृत करने में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उद्योग 4.0 को भविष्य में सीपीएसई समझौता ज्ञापन मूल्यांकन ढांचे में शामिल करने पर भी विचार किया जा रहा है और इसे शीघ्र अपनाना वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। परिनियोजन विशेषज्ञ ए. आनंद ने एक प्रस्तुति में भारत के प्रथम 5जी लैब्स और थ्री डी प्रिंटिंग सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस से प्राप्त जानकारी के आधार पर, विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में डिजिटल डिजाइनिंग, रिवर्स इंजीनियरिंग और थ्री डी प्रिंटिंग के अनुप्रयोगों और क्षेत्रीय परिनियोजन में अपने समृद्ध अनुभव को साझा किया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यूपी के सभी निबंधन कार्यालय होंगे हाईटेक व अत्याधुनिक : रविन्द्र

■ प्रदेश के निबंधन कार्यालय का शिलान्यास बुधवार को लखनऊ में होगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के निबंधन कार्यालय हाईटेक एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। प्रदेश के सभी 380 निबंधन कार्यालय का अब अपना भवन होगा। जिसके पहले चरण का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से हुआ। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने 18 करोड़ 56 लाख 27 हजार रुपये लागत से बनने वाले आठ निबंधन कार्यालय भवनों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कमिश्नरी परिसर के जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप निबंधक कार्यालय सगड़ी, जिला आजमगढ़ के नव निर्मित भवन का लोकार्पण के साथ ही चंदौली, श्रावस्ती के सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय एवं उप निबंधक कार्यालय चंदौली, जयसिंहपुर, महोली, रामसनेहीघाट, लंभुआ, सवायजपुर एवं श्रावस्ती के नवीन भवनों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बटन दबाकर किया। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय में आने वाले जनसामान्य को बेहतर सुविधा मिले, इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी 380 निबंधन कार्यालयों को अपने भवन में संचालित कराए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जिलों से प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के स्तर से निबंधन कार्यालय के निर्माण आदि के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ, उन सभी पत्रों को संज्ञान लेते हुए उन जिलों में निबंधन कार्यालय के अपने भवन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के निबंधन कार्यालय का भी अपना भवन बनाया जा रहा है, जिसका शिलान्यास बुधवार को लखनऊ में किया जाएगा। मंत्री ने कार्यदाई संस्था के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन भवनों का शिलान्यास किया जा रहा हैं, उनका निर्माण कार्य निर्धारित समय से मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। निर्माण कार्य में हर हालत में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्य का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराए जाने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच पहुंच कर उठाया कांवड़, बाल कांवड़ियों का किया उत्साहवर्धन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। जौनपुर श्रावण मास में लोगों का बाबा धाम जाने का सिलसिला जारी है।इस क्रम में शनिवार को जनपद की सबसे बड़ी संख्या बम कांवड़िया संघ द्वारा भगवान शिव की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धालु हनुमान गोमती नदी से जल लेकर बाबा बैंज नाथ धाम के लिए रवाना हुए। हजारों की संख्या में भक्त कांवड़ लिएबाबा धाम रवाना हुए लोग भक्ति गीतों पर जमकर नाचते-गाते रहे। शनिवार सुबह 10 बजे चाहरसू चौराहे से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा का शुभारंभ महादेव सेना के अध्यक्ष एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया और भक्तों के मंगल यात्रा की कामना की। यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए भंडारी स्टेशन पहुंची। वहां से श्रद्धालु ट्रेन द्वारा अपनी यात्रा पर निकले।इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने सद्भावना पुल पर पहुंचकर श्रावण मास में चल रही पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों के बीच फल वितरण किया। विशेष रूप से बाल कांवड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में, विशेष रूप से हमारे उत्तर प्रदेश में शिव भक्त कांवड़िए अपनी आस्था, सनातन धर्म की मर्यादा की रक्षा तथा महादेव के प्रति अपनी आस्था को प्रकट करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिवालयों में जल चढ़ाते हैं। श्रावण मास में श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों के बड़ी संख्या में आवागमन के दृष्टिगत जनपद में पूरी तैयारी कर ली गई है। जनपद में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर जिन स्थानों से भी कावड़ यात्रा निकलनी है, वहाँ सुरक्षा के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं प्रदान कर रही हैं। कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। बाल कांवड़ियों से कांवड़ लेकर अपने कंधे पर रखते हुए वे कुछ दूर तक यात्रा में सम्मिलित हुए और सभी श्रद्धालुजन/कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच फल का भी वितरण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में रिश्वत लेते हुए दरोगा गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। करछना थाने में तैनात उपनिरीक्षक को घूस लेते हुए शुक्रवार को रंगे हाथ प्रयागराज मंडल एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उपनिरीक्षक के खिलाफ औद्योगिक थाने में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की गई। एन्टीक्रप्शन की ट्रैप प्रभारी निरीक्षक वर्षा श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के रजौली गांव निवासी अभिनव सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सुरेश यादव प्रयागराज के करछना थाने में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत है। इस संबंध में करछना के देवरी गांव निवासी रवि सिंह ने शिकायत किया था कि एक मुकदमा की विवेचना के दौरान नाम निकलने के लिए पच्चीस हजार रूपए का रिश्वत की मांग किया था।

# नमामि गंगे ने कांवड़ियों संग दिया 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' का संदेश

■ बंद करें पॉलिथीन काशी को बनाएं सुंदर और क्लीन करने में शामिल हुए विदेशी पर्यटक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों लोग एक साथ यात्रा करते हैं और ऐसे में स्वच्छता का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस संदेश के साथ शनिवार को नमामि गंगे ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्वच्छता की अलख जगाई। कांवड़ियों एवं नीदरलैंड (हॉलैंड) से काशी भ्रमण पर आए विदेशी पर्यटकों के साथ स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर आवाह्न किया कि स्वच्छता बनाए रखने से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। जीवनदायिनी नदियों और शहरों में गंदगी बढ़ाकर पर्यावरण को हानि पहुंचा रहे सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि सभी को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इसका निर्वाह करना चाहिए। स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच अपने घर की सफाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए। हम जिस समाज में रहते हैं उसको भी साफ-सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। हम जिस पर्यावरण में रहते हैं उसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। अगर हम साफ पर्यावरण में रहेंगे तो हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। अगर हमारे आसपास गंदगी रहती है तो वहां मच्छर-मक्खी पैदा हो जाते हैं। जिससे हमें मच्छरजनित बीमारियां हो जाती हैं और हमारा स्वास्थ्य खराब हो जाता है। लोगों को साफ-सफाई के प्रति अपनी सोच को बदलना चाहिए। हमें अपने घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे को इधर-उधर फेंकने की बजाए कूड़ादानों में ही डालना चाहिए।

# फोरलेन होगा 56 किलोमीटर लम्बा बलिया-मऊ मार्ग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बलिया। पूर्वांचल, खासकर बलिया और मऊ के लोगों के लिए खुशखबरी है। बलिया को मऊ से जोड़ने वाले मार्ग के फोरलेन बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए एनएचएआई यानी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने स्वीकृति दे दी है। 56 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग पर पड़ने वाले पांच रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज भी बनेंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए यूपी सरकार के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा लम्बे समय से प्रयासरत थे। बलिया से रसड़ा होते हुए मऊ तक का लगभग 56 किलोमीटर का यह मार्ग नेशनल हाईवे 128 बी का भाग है जो मऊ में आज़मगढ़ से आने वाले नेशनल हाईवे 28 और बलिया की तरफ़ नेशनल हाईवे 31 को जोड़ता है। वर्तमान में बढ़े हुए ट्रैफिक का बोझ ढोने में यह मार्ग असमर्थ साबित हो रहा है। उससे भी बड़ी समस्या इस पर आने वाली पाँच लेवल रेलवे क्रासिंग हैं। इसकी वजह से अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। आवश्यकता से कई गुना ज़्यादा समय यात्रा में लग जाता है। इसका सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण मऊ एवं बलिया के लोगों के साथ-साथ पूर्वांचल के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस मार्ग से हमारा बचपन का नाता है। मैंने इस समस्या को पिछले दो वर्षों में कई बार एनएचएआई के चेयरमैन सहित उच्च अधिकारियों से मिलकर उठाया। एनएचएआई के अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि आज़मगढ़-मऊ मार्ग की तरह ही मऊ-बलिया वाले मार्ग का भी सुदृढ़ीकरण और उच्चीकरण कर दिया जाएगा।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस 29 सितम्बर से सप्ताह में दो दिन चलेगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी संख्या 15567/15568 का संचालन 29 सितम्बर से सप्ताह में दो दिन किया जाएगा। उद्घाटन स्वरूप ट्रेन संख्या 05599, 18 सितंबर को बापूधाम मोतिहारी से सुबह 11:45 पर चलेगी और 19 सितंबर को मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली स्टेशन पर सुबह 3:45 व मुरादाबाद स्टेशन पर सुबह 5:50 बजे आगमन होगा। दोनों स्टेशन पर इसका पांच-पांच मिनट का ठहराव रहेगा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शनिवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 15567 (बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस 29 सितंबर से बापूधाम मोतिहारी स्टेशन से प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 15568 आनंद विहार टर्मिनल बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस 30 सितंबर से आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को चलेगी। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि ट्रेन संख्या 15567 बापूधाम मोतिहारी आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन से प्रातः 8:00 बजे चलेगी। जो सुगौली बिटिया चनपटिया नरकटियागंज हरी नगर बाघ सिसवा बाजार कप्तानगंज गोरखपुर बस्ती मनकापुर गोंडा लखनऊ बरेली होते हुए अगले दिन सुबह तड़के 2555 पर मुरादाबाद पहुंचेगी। इसके बाद गाजियाबाद होते हुए सुबह 6:10 पर आनंद टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 15568 आनंद विहार टर्मिनल बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर दो बजे चलेगी, जो गाजियाबाद होते हुए शाम 4:50 पर मुरादाबाद पहुंचेगी। इसके बाद उपरोक्त सभी स्टेशनों पर होते हुए अगले दिन सुबह 10:40 पर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पहुंचेगी।

# बंद स्कूल खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के ऊंटी गांव स्थित हरिजन बस्ती पहाड़ी प्राथमिक विद्यालय के कंपोजिट विद्यालय ऊंटी में विलय किए जाने के फैसले के खिलाफ शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज़ अभिभावक बच्चों को साथ लेकर विद्यालय के बाहर जुटे और जमकर विरोध -प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि यह फैसला न सिर्फ अनुचित है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से भी खिलवाड़ है।

प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों बैरागी, शांति देवी, दुर्गावती देवी, रीना देवी, सावित्री, रामेश्वर, शीला, राज नारायण मौर्य आदि ने बताया कि 14 जुलाई से प्राथमिक विद्यालय को बंद कर दिया गया है और सभी बच्चों को ढाई किलोमीटर दूर कंपोजिट विद्यालय ऊंटी भेजा जा रहा है। लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है। बच्चों को कीचड़ भरे खेतों और बहते नाले को पार कर जाना पड़ता है, जो छोटे बच्चों के लिए बेहद खतरनाक और कष्टप्रद है। अभिभावकों की मांग है कि बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए बंद स्कूल को पुनः खोला जाए और विद्यालय के विलय को तुरंत स्थगित किया जाए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उदयभान सिंह ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 24 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं और 14 जुलाई को इसे कंपोजिट विद्यालय ऊंटी में विलय कर दिया गया है। वहीं, ग्राम प्रधान मारकण्डेय प्रसाद मौर्य ने भी अभिभावकों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि कंपोजिट विद्यालय की दूरी और रास्ते की दुर्दशा के कारण बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों से विद्यालय के विलय को रोकने और बच्चों के लिए स्थानीय विद्यालय को फिर से खोलने की मांग की जाएगी।

# गंगा की उफनाई लहरें चेतावनी बिंदु के करीब, बाढ़ का कहर, घाट डूबे, शवदाह में मुश्किलें

■ दशाश्वमेध घाट पर जल पुलिस चौकी जलमग्न, अस्सीघाट पर गलियों में गंगा आरती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। वाराणसी में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है और शनिवार सुबह यह 69.93 मीटर तक पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, वाराणसी में गंगा में चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर ने जिले के सभी 84 घाटों को जलमग्न कर दिया है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बढ़ते जलस्तर के चलते मोक्षस्थली मणिकर्णिका घाट पर निचला शवदाह प्लेटफॉर्म पानी में डूब चुका है। शव यात्रियों को बाढ़ का पानी पार कर ऊपरी प्लेटफॉर्म तक जाना पड़ रहा है। हरिश्चंद्र घाट की गलियों में शवदाह किया जा रहा है। जगह की कमी से कई परिजन अपने दिवंगत परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए दो से तीन घंटे तक प्रतीक्षा करने को मजबूर हैं। दशाश्वमेध घाट पर नियमित होने वाली गंगा आरती अब गंगा सेवा निधि के कार्यालय की छत पर की जा रही है। वहीं, अस्सीघाट पर गलियों में आरती की जा रही है। जलस्तर बढ़ने से दशाश्वमेध घाट स्थित जल पुलिस चौकी पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। गंगा में उफान से वरुणा नदी में पलट प्रवाह शुरू हो गया है, जिससे सलारपुर, पुरानापुल, दनियालपुर, नक्खीघाट, हुकुलगंज, बघवानाला व पिपरहवा घाट जैसे क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। कई लोग राहत शिविरों में शरण ले चुके हैं, जबकि कुछ परिवार ऊपरी मंजिलों और टेंटों में डटे हुए हैं। कोनिया घाट में पानी बस्ती की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को राहत शिविर रह रहे पीड़ितों के बीच भोजन वितरित किया गया। नगवां नाले से गंगा का पानी अस्सी-लंका मार्ग पर दो फीट तक जमा हो गया है, जिससे यातायात पूरी तरह बंद हो गया है। नौकायन पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण प्रतिबंध है, जिससे हजारों नाविकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गंगा आरती देखने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक भी मायूस होकर लौट रहे हैं। गंगा के बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती ढाब क्षेत्र की लगभग चालीस हजार की आबादी प्रभावित है। चांदपुर से मोकलपुर के बीच पांच सौ एकड़ से अधिक खेतों में खड़ी फसल डूबने के कगार पर है। परवल, नेनुआ, करैला, लौकी, भिंडी और चारे की फसलें बाढ़ के पानी से ?घिर गई है। खेतों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम नुकसान के आकलन में जुटी है। प्रभावित क्षेत्रों के राहत शिविरों में व्यवस्था की जा रही है। लोग ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे है।

# दो दिवसीय 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' की शुरुआत, चार सत्रों में चर्चा

■ सम्मेलन में 500 से अधिक युवा प्रतिनिधियों के साथ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, छह केंद्रीय मंत्री और तीन मंत्री यूपी सरकार भाग ले रहे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय के साथ दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का आगाज शनिवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर आदि विशिष्ट जन की उपस्थिति रही। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश यादव, प्रदेश के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण और उत्तर प्रदेश के उत्पाद शुल्क एवं निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा 100 आध्यात्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि सम्मेलन में भागीदारी कर रहे हैं। युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध एक मूल्य-आधारित, युवा-नेतृत्व वाले जनांदोलन की शुरुआत करने के मंत्रालय के व्यापक मिशन का एक हिस्सा है। एक गहन अनुभव के रूप में तैयार किया गया यह शिखर सम्मेलन आत्मनिरीक्षण संवाद को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव के साथ जोड़ेगा। चार पूर्ण सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों- व्यसन के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को समझना, नशीली दवाओं की आपूर्ति और तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना, प्रभावी जमीनी स्तर पर अभियान और संचार रणनीतियां और नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए एक प्रारूप तैयार करने पर चर्चा की जाएगी। इन चर्चाओं के साथ-साथ व्हाइटबोर्ड फ़ोरम, विशेषज्ञ मुख्य भाषण और कार्य कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से युवाओं के विचारों और नवाचारों के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को काशी घोषणापत्र के उद्घोष के साथ नशा मुक्त विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय युवा-नेतृत्व वाली रूपरेखा तैयार की जाएगी। शिखर सम्मेलन का समापन 20 जुलाई को 'काशी घोषणापत्र' के विमोचन के साथ होगा। यह दस्तावेज़ युवाओं और आध्यात्मिक प्रमुखों के सामूहिक दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक कार्ययोजना प्रस्तुत करेगा।